वर्ष-10, अंक-198
इन्दौर, सोमवार
14 अक्टूबर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



# देश की प्रमुख नदियों का मायका है मध्यप्रदेशः मुख्यमंत्री

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की प्रमुख नदियों का मध्यप्रदेश मायका है। मध्यप्रदेश की नर्मदा और ताप्ती नदी अपने मायके अर्थात मध्यप्रदेश को तो आनंदित और प्रफुल्लित करती ही है, साथ ही वह गुजरात को भी धन-धान्य से परिपूर्ण कर रही है। सोन नदी का उद्गम मध्यप्रदेश के अमरकंटक से है, जो बिहार में गंगा जी से मिलती हैं और गंगा जी की धारा को समृद्ध करती है। मध्यप्रदेश से निकलने वाली चंबल नदी राजस्थान को जीवन प्रदान करती है यह नदियां मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी हैं। सूरत से आरंभ हुआ यह अभियान जीवन देने का अभियान है। उन्होंने कहा कि जल संचय- जन भागीदारी कार्यक्रम के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चलने को तत्पर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों के परस्पर संबंधों की सौहाद्रता और नर्मदा जल की एक-एक बूंद का उपयोग सुनिश्चित करते हुए नर्मदा नदी का जल राजस्थान को भी उपलब्ध करने का मार्ग प्रशस्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पानी के लिए गुजरात में समस्या रहती है और उनकी सहायता करना हम सब का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत चल रहे ÷कैच द रेन ÷अभियान के तहत गुजरात के सूरत में ÷जल संचय-जन भागीदारी- जन आंदोलन÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्षा जल संचयन को बढ़ाने और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम की पहल की थी। जल संरक्षण और जल संग्रहण को बढ़ावा देने की सकारात्मक पहल के तहत सूरत में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, वरिष्ठ जन-प्रतिनिधि, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय तथा राज्यों के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्प-गुच्छ व अंगवस्त्रम भेंट कर तथा स्मृति-चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ÷जल संचय -जन भागीदारी -जन आंदोलन कार्यक्रम÷ का संकल्प पत्र भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में विद्यमान अतिथियों ने जल संरक्षण और जल संग्रहण के प्रतीक स्वरूप बड़े पात्र में जल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




## भारतीय सनातन संस्कृति में जल ही जीवन है का विचार सर्वमान्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सांस्कृतिक और पौराणिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए कहा कि महादेव ने गंगा को जटाओं में धारण कर और भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत धारण कर जल संरक्षण के महत्व को दर्शाया। जिस प्रकार धरती पर मां गंगा को लाने में भागीरथ की भूमिका थी, इस प्रकार गंगाजल को सहेजने में केंद्रीय मंत्री श्री सी. आर. पाटिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गुजरात की भूमि यश- कीर्ति और समृद्धि की भूमि है। भगवान श्रीकृष्ण को भी गुजरात स्थित द्वारका से ही यश प्राप्त हुआ। गुजरात ने ही देश को महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे राजनेता प्रदान किये। इसी क्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर है। विश्व में भारत की साख स्थापित हुई है और दुनिया के सभी देश प्रधानमंत्री श्री मोदी से मधुर और जीवंत संपर्क और संबंध बनाने के लिए आतुर रहते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति में जल ही जीवन है का विचार सर्वमान्य है। सूरत में जल-संचयन और जल-संरक्षण पर आयोजित यह कार्यक्रम देश को नई दिशा और जन-जन को ऊर्जा प्रदान करेगा।

## मध्यप्रदेश में हुआ 10 हजार से अधिक पोखर, तालाब, कुएं, बावड़ी का जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना है, जहां नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत दो परियोजनाओं का क्रियान्वयन आरंभ हो रहा है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान तथा मध्यप्रदेश और राजस्थान के मध्य चंबल- पार्वती- काली सिंध लिंक परियोजनाएं शीघ्र ही मूर्त रूप लेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में लगभग 3 हजार 500 गांव के 13 हजार से अधिक लोगों ने संकल्प लेकर जल गंगा अभियान के अंतर्गत जल भंडारण क्षमता में वृद्धि के लिए 10 हजार से अधिक पोखर, तालाब, कुएं, बावड़ी का जीर्णोद्धार किया।

# कांग्रेस को अर्बन नक्सल कहने वाले खुद क्या है? उनकी टेररिस्ट पार्टी

## कांग्रेस अध्यक्ष ने किया भाजपा पर जबरदस्त हमला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरियाणा चुनाव नतीजों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर जबरदस्त हमला बोला और कहा, कि हरियाणा में जो कुछ हुआ।**



हम उस घटना के संबंध में एक बैठक कर रहे हैं, इसकी रिपोर्ट आने के बाद यह साफ हो जाएगा कि क्या करने की जरूरत है और यह कैसे हुआ। भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, कि नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि कांग्रेस अर्बन नक्सल की पार्टी है, उनकी पार्टी खुद ही आतंकी पार्टी है, लिंचिंग करते, मारते हैं, एससी के लोगों के मुंह में पेशाब करते हैं। इसके साथ ही हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों पर खड़गे ने कहा कि पूरा देश कह रहा था कि कांग्रेस जीतेगी, बीजेपी की लीडरशिप भी बोल रही थी, फिर ऐसा कौन सा फैक्टर है, जो कांग्रेस को हराया? खड़गे ने आगे कहा, कि जो लोग ट्राइबल लोगों को निशाने पर रखते हैं ओर रेप करते हैं, उन लोगों को ये लोग सपोर्ट करते हैं, ऊपर से दूसरों को कहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की सरकार जहां भी है एससी और ट्राइबल्स पर अत्याचार हो रहे हैं। वो देश और लोगों के बारे में कम बोलते हैं, पार्टी के बारे में ज्यादा बोलते हैं।

## ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, दो विदेशी युवतियों सहित तीन की मौत

इटावा (एजेंसी)। इटावा जिले के ताखा कस्बे में लखनऊ से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार कार शनिवार रात लगभग सवा दस बजे ट्रक में जा घुसी। हादसे में दो विदेशी युवतियों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो विदेशी घायल हो गए। दोनों को आयुर्विज्ञान विवि में भर्ती कराया गया है। हादसा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवेके किलामीटर संख्या 125 पर हुआ है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात लगभग सवा 10 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर लखनऊ से दिल्ली की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी। सूचना पर एसडीएम सदर विक्रम राघव, एसडीएम ताखा श्वेता मिश्रा, एसओ ऊसराहार मंसूर अहमद और यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह मौके पर पहुंच गए।

# महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था तबाह हैः राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख जारी किया। राहुल गांधी ने इस हत्याकांड को लेकर महाराष्ट्र सरकार की कड़ी निंदा की।**



उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह से तबाह है। सिद्दीकी एनसीपी में शामिल होने से पहले लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे थे। महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बीती रात बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी को आज रात साढ़े आठ बजे मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि बाबा सिद्दीकी के दुखद निधन से हैरान और दुखी हूं। इस मुश्किल वक्त में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के प्रति हैं। इस भयावह घटना ने महाराष्ट्र की खराब कानून व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सरकार को इस मामले की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और न्याय होना चाहिए।

### कांग्रेस से रहा लंबा नाता

बाबा सिद्दीकी ने राजनीति की शुरुआत एक छात्र नेता के रूप में की थी और लंबे समय तक वह कांग्रेस के सदस्य रहे। वह पहली बार क्र्रष्ट में कॉरपोरेटर (पार्षद) चुने गए थे। बाबा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी और साल 1977 में पार्टी की स्टूडेंट विंग ह्स्ढ्ढ में शामिल हुए थे। इसके बाद 1980 में बांद्रा युवा कांग्रेस महासचिव, 1982 में बांद्रा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और 1988 में मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बने।

## पाकिस्तान हुयी झड़पों में 15 की मौत

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कुर्रम क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुयी झड़प में दो महिलाओं और एक बच्चे सहित पंद्रह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों का दावा है कि शनिवार को सुबह मकबल आदिवासियों की ओर से गोलीबारी किये जाने के बाद लड़ाई शुरू हुयी। गोलीबारी से दो कंज अलीजई आदिवासी घायल हो गये।

## हिज़्बुल्लाह के 50 लड़ाकों को मार गिराया गया

**यरुशलम (एजेंसी)।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने पिछले 24 घंटों में दक्षिणी लेबनान में आमने-सामने की मुठभेड़ों में हिजबुल्लाह के 50 आतंकवादियों को मार गिराया और वायु सेना के हमलों का निर्देशन दिया है।



नई दिल्ली। कुछ साल पहले तक गिद्धों की संख्या खतरनाक रूप से घट रही थी, लेकिन अब उनके पुनरुत्थान के स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार गिद्धों की सात प्रजातियां देखी गई हैं, जो संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संकेत है।

## पूजा पंडाल में अपराधियों ने की फायरिंग, चार घायल

**आरा, (एजेंसी)।** बिहार में भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने रविवार की सुबह एक पूजा पंडाल में फायरिंग की ,जिससे चार लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मौलाबाग स्थित पूजा पंडाल में रविवार की अहले सुबह बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की। इस घटना में गोली लगने से पूजा समिति के सदस्य सहित चार लोग घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि घायलों को आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### यति नरसिंहानंद विवादः महापंचायत में शामिल होने से रोकने पर हंगामा

# भीड़ ने बैरिकेड पलटी, पुलिस ने फटकारी लाठी

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी के बाद पनपे विवाद के बाद डासना मंदिर परिसर में रविवार को होने वाली महापंचायत में सुबह से ही लोग पहुंचने शुरू हो गए। हालांकि, पुलिस ने उनको मंदिर जान से पहले ही रोक दिया।

बड़ी तादाद में लोग वापस चले गए। जबकि, कुछ लोगों ने महापंचायत में आने की जिद की तो पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया। जगह-जगह बेरिकेडिंग की गई। स्थानीय लोगों को भी पूछताछ के बाद ही उनके अंदर, दुकान, प्रतिष्ठानों पर आने जाने की अनुमति दी गई। उधर, यूपी के अलग-अलग हिस्सों के अलावा बड़ी तादाद में उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली से भी संत पंचायत में पहुंचे थे। एक दिन पहले ही 50 से ज्यादा संतों का जत्था मंदिर में पहुंच गया। जैसे ही संतों को पता चला कि महापंचायत में लोगों को आने से पुलिस रोक रही है तो संतों ने कहा कि पुलिस जहां रोके वहीं पर पंचायत शुरू कर दी जाए। वहीं, यति नरसिंहानंद का रविवार को भी कुछ पता नहीं चला। वह एक सप्ताह से लापता हैं। समर्थक जहां आरोप लगा रहे हैं कि यति नरसिंहानंद को गायब किया गया है। जबकि, पुलिस ने इन आरोपों को खारिज किया है। इस बारे में डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी का कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



### विधायक को भी पुलिस ने रोका

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी अपने समर्थकों के साथ डासना देवी मंदिर में होने वाली महापंचायत में शामिल होने के लिए पहुंचे लेकिन में रोड पर ही उनको पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से उनकी नोकझोंक भी हुई। पत्रकारों से वार्ता में विधायक ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की। विधायक और उनके समर्थक अंदर जाने की जिद पर अड़े हैं। फिलहाल मंदिर परिसर में 60 से 70 लोग मौजूद हैं।



# ब्राज़ील में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में 6 लोगों की मौत

**रियो डी जनेरियो (एजेंसी)।** ब्राजील के दक्षिणपूर्वी राज्य मिनस गैरैस में एक अग्निशमन हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट हेनरिक बार्सेलोस के अनुसार, हेलीकॉप्टर, जो शुक्रवार दोपहर से लापता था, शनिवार सुबह ओरो प्रेटो शहर के पास पाया गया। जहाज पर चार अग्निशामक, एक नर्स और एक डॉक्टर सवार थे। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, चालक दल को एक छोटे विमान की खोज में सहायता के लिए शुक्रवार को भेजा गया था, जो ओरो प्रेटो के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।

# आमरण अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टर्स

**कोलकाता।** स्थानीय आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद अपनी मांगों को लेकर पश्चिम बंगाल के जूनियर चिकित्सकों का आमरण अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी है। इस बीच, राज्य के विभिन्न हिस्सों में लोग अनशनकारियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए ÷सांकेतिक उपवास÷ कर रहे हैं। कोलकाता और राज्य के उत्तरी हिस्से में स्थित सिलीगुड़ी शहर में 'आमरण अनशन' कर रहे जूनियर चिकित्सकों में से अब तक तीन को हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आंदोलनकारी 'जूनियर डॉक्टर्स फोरम' के एक नेता ने कहा, उनकी (अनशनकारियों की) स्थिति खराब होती जा रही है, लेकिन राज्य प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है।÷ इस बीच, आरजी कर अस्पताल के पूर्व छात्रों का एक समूह आमरण अनशन पर बैठे छात्रों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए 12 घंटे के प्रतीकात्मक उपवास के लिए अस्पताल पहुंच गया है।



## चटगांव बंदरगाह के पास जहाज में लगी आग

**ढाका, (एजेंसी)।** बंगलादेश के चटगांव बंदरगाह पर विस्फोट के बाद रविवार तड़के बंगाल की खाड़ी में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ले जा रहे एक हल्के जहाज में आग लग गई। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में कहा, %फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## रूस के चेचन्या में गैस टैंक विस्फोट में चार की मौत

**मॉस्को, (एजेंसी)।** रूस के चेचन्या के ग्रोज़्नी शहर में एक गैस स्टेशन पर गैस टैंक विस्फोट में शनिवार को दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। रूसी आपातकालीन मंत्रालय के स्थानीय कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, ÷रूसी आपातकालीन मंत्रालय के कर्मचारियों ने ग्रोज़नी में आग बुझा दी है। दुर्भाग्य से, दो बच्चों सहित चार लोग मारे गए। संरचनाओं पर पानी डाला जा रहा है और उन्हें खोला जा रहा है।

# लेबनान में इज़रायली हवाई हमलों में 13 की मौत

**बेरूत, (एजेंसी)। लेबनान के विभिन्न इलाकों में इजरायल की ओर से शनिवार को किये गये हवाई हमलों में 13 लोग मारे गए और 36 अन्य घायल हो गए।**



लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा शहर में एक तीन मंजिला आवासीय इमारत को निशाना बनाकर किये गये इजरायली हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इमारत नष्ट हो गई, जबकि पड़ोसी इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। एनएनए ने कहा कि हताहतों को सिबलिन सरकारी अस्पताल ले जाया गया। एनएनए के अनुसार इजरायल ने माउंट लेबनान के मैसरा गांव में एक और एक इमारत को निशाना बना कर हवाई हमला किया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। एनएनए ने कहा कि इजरायली वायु सेना ने उत्तरी गवर्नरेट के बटरून जिले में एक नगरपालिका डेयर बिल्ला पर भी हमला किया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

## संपादकीय

# सरकार बेरोजगारों को लाभार्थी नहीं, कामार्थी बनाए



भारत में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। पिछले तीन दशक में डिग्री से नौकरी और रोजगार की परिकल्पना का तेजी के साथ विस्तार हुआ। वैश्विक व्यापार संधि के बाद भारत में उधार के धन का प्रवाह बढ़ा है। पिछले 30 वर्षों में दुनिया के सभी देशों की आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियां बड़ी तेजी के साथ बढ़ीं हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सारी दुनिया एक तरह से सोचने लगी। आर्थिक एवं सामाजिक विकास को लेकर सारी दुनिया में एकरूपता आई। औद्योगिक विकास को ही सबसे बड़ा विकास मान लिया गया। भौतिक आवश्यकताओं का एक नया पैमाना विकसित हुआ। डिग्री के आधार पर नौकरी और रोजगार के सृजन को मान लिया गया। शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया। किताबी ज्ञान कभी वास्तविक ज्ञान का स्वरूप नहीं ले सकता है। किताबी ज्ञान की डिग्री कभी कोई काम नहीं आ सकती है। करोड़ों डिग्री धारी युवाओं को वर्षों से रोजगार नहीं मिल रहा है। बड़ी-बड़ी डिग्रियां होने के बाद भी उन्हें 10 से 15000 रुपए की नौकरी नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण अब युवाओं में उच्च शिक्षा और डिग्रियों के प्रति अरुचि दिखने लगी है। औद्योगिक क्रांति से मशीनों को तो काम मिल सकता है, लेकिन आबादी को काम नहीं मिल पाता है। पिछले 20 वर्षों में बैंकिंग सेक्टर काफी तेजी के साथ आगे बढ़ा। बैंकों में उपभोक्ताओं की संख्या कई गुना बढ़ गई। बैंकों की कमाई कई गुना बढ़ गई। लेकिन बैंकिंग सेक्टर में काम करने वाले लोगों की संख्या घटती चली गई। यही हाल रेलवे का है। यही हाल गवर्नमेंट सेक्टर का है। उद्योग और व्यापार में जिस तरह से कॉरपोरेट कंपनियों ने अपना एकाधिकार बनाते हुए स्थानीय रोजगारों को समाप्त करने का काम किया है। पूंजी का प्रवाह कुछ बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों तक सीमित होकर रह गया, जिसके कारण मध्यवर्ग और निम्न वर्ग की बचत खत्म हो गई। निम्न और मध्यम वर्ग पर कर्ज बड़ी तेजी के साथ बढ़ गया। देश में डिग्री लेकर नौकरी की मांग करने वाले युवाओं की संख्या साल दर साल बढ़ती चली गई। जो स्थानीय रोजगार और धंधे थे, वह पूरी तरह समाप्त होते चले गए। भारत जैसे देश में जिसकी आबादी 140 करोड़ से ज्यादा हो गई है। 30 करोड़ से ज्यादा उच्च शिक्षित पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार हैं। इन्हें बाबू और चपरासी की नौकरी भी नहीं मिल पा रही है। पिछले वर्षों में रोजगार के अवसर स्थानीय आधार पर उपलब्ध थे आर्थिक विकास के नाम से वह छीन लिए गए हैं। सभी रोजगार व्यवसाय और उद्योग में कॉर्पोरेट का कब्जा होता जा रहा है। जिसके कारण बेरोजगारी की समस्या दिन- प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए बेरोजगारों को लाभार्थी बनाने के लिए सरकार प्रतिमाह कुछ राशि देकर बेरोजगार युवाओं के गुस्से को शांत करना चाहती है। बेरोजगार युवाओं को सरकारी सहायता पर निर्भरता बढाई जा रही है। यह स्थिति आर्थिक, सामाजिक विकास की दृष्टि से भविष्य में बहुत नुकसान पहुंचाने वाली साबित होगी। भारत की युवा आबादी ने भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में अपने ज्ञान और मेहनत के बल पर एक अलग जगह बनाई है।

## गिफ्ट

शादी के बाद एक ही शहर में रह रही ननद भौजाई कविता और ममता का बाजार में यूं ही आमना सामना होने पर कविता ने चहकते हुए कहा, भाभी, कितने दिनों बाद आज हम मिले हो, चलो पास के रेस्टोरेंट में चल कर कॉफी पीते है। ममता अपनी ननद की इस मनुहार को टाल नहीं पाई और दोनों कॉफी पीने रेस्टोरेंट में चली गई। कॉफी हाथ में लेकर लिए कविता ने ममता से कहा, भाभी कैसी चल रही है ज़िन्दगी... ममता ने मुस्कुराते हुए कहा कि तुम्हारे भैया के साथ बहुत अच्छी... तभी कविता ने कहा भाभी, भैया आपको गिफ्ट तो देते है न खास अवसरों पर जैसे नए साल पर, शादी की सालगिरह पर, आपके जन्मदिन पर, करवा चौथ के साथ होली और दीवाली पर.... ममता ने खिलखिलाते हुए कहा, क्या बताऊं कविता, तुम्हारे भैया ने अपने



गिफ्टों से मेरी पूरी आलमारी भर रखी हैं। मुस्कुराते हुए कहने लगी अब तो जगह भी नहीं बची आलमारियों और अटेचियों में.... कविता ने मुस्कुराते हुए कहा, भाभी मुझे पता हैं, मेरे भैया है ही इतने अच्छे.... पर भाभी ये बताओ भैया आपको इतना प्यार करते है। क्या आप भी उन्हें इतने ही गिफ्ट देती है ? जितने मौकों पर वो आपको गिफ्ट देते हैं? कविता की बात सुन ममता जैसे अवाक रह गई और पल भर के लिए मौन रहकर जैसे अपने दिए उपहारों की गणना करने लगी और अपनी गणना में वह बहुत पिछड़ गई।

उसे याद आ गया कि उसने साल में शायद ही कभी कोई गिफ्ट अपने पति को दिया हो? मुस्कुराते हुए बिना जवाब के यही सवाल जब ममता ने अपनी ननद कविता से हास परिहास में किया तो वह भी अवाक रह गई। दोनों के पास इस प्रश्न का कोई जवाब नहीं था क्योंकि उन्हें पता था कि घर में पतियों को विशेष अवसरों पर भी उतने गिफ्ट /उपहार कभी मिलते ही नहीं जिनके वे असली हकदार होते हैं। दोनों ने जल्दी जल्दी अपनी कॉफी खत्म करने की कोशिश की लेकिन कॉफी में वह स्वाद अब नहीं आ रहा था। रेस्टोरेंट से निकलते हुए जल्दी मिलने के वादे के साथ दोनों अपने अपने घर की ओर चल दी।

**@ प्रो (डॉ )सुरेन्द्र मीणा**

# कुर्सी का लाइलाज कीड़ा, कौन उठाए ठीक करने का बीड़ा



## व्यंग्य
## तीसरी आँख

सब्जी,चावल और लकड़ी का कीड़ा सबने देखा- सुना है। किस तरह से सब्जियां खराब कर देता है? बैगन का भर्ता बनाने से पहले ही अंदर से सड़ा देता है और बाहर सब ठीक-ठाक दिखता है। चुनाव में उम्मीदवार ठोक -ठाक करने के बावजूद भी मतदाता ठगा जाता है। चावल को चाटकर अंदर से खोखला कर देता है। सब्जियों व धान पर कीटनाशक का प्रयोग करके रोकथाम कर लिया जाता है। लकड़ी का कीड़ा पूरा कुर्सी चट कर जाता है और कुर्सी का कीड़ा पूरा देश...! लकड़ी के कीड़े को खत्म करने का इलाज है, जबकि कुर्सी के कीड़े लाइलाज हैं।

कीड़ों की बिरादरी में ये सबसे ऊपर हैं। बाकि कीड़ों को उसकी हलकट वाली हरकत से शर्मिंदगी होती है। वे सभी सामूहिक रूप से प्रेस नोट जारी करके कह रहे हैं कि ÷माफ करो इंसानों! हम शर्मिंदा हैं, क्योंकि कुर्सी का कीड़ा बड़ा गंदा हैं। हमारे दाँत उतने नुकीले नहीं जितना कुर्सी के कीड़े का भ्रष्टाचाररूपी दाँत हैं। उसकी जुबान से बेईमानी की लार टपकती है। यही सबसे जहरीला है। यह जहां गिर जाता है, वहां पुल धड़ाधड़ गिर जाता है। प्रभु ही मालिक। बारिश में गुंबद चूने लगता क्योंकि ईमानदारी को चूना लगाया गया है। आज-कल कलयुग में बड़ी सफाई से चूना लगाने वाले कुर्सी के कीड़े बहुताय संख्या में पाए जाते हैं।

हे अजन्मे विकास! इनसे बच के रहना रे बाबा। सड़कों में चाँद-तारों जैसे गड्ढों को देख विकास गर्भ में ही डर जाता है और नारकीय जीवन पहली बारिश के हॉउसफुल शो-सा दिखना जब शुरू हो जाता है। विकास के पैदा होने के दावे पर संशय के बादल मंडराने लगते हैं। भ्रष्टाचार की घनघोर काली घटा घिरती प्रतीत होती है।कुर्सी के कीड़ों की मरी अंतर्रात्मा के भार से बेचारा विकास मिसकैरेज हुआ होगा। फिर भी दोष कुर्सी से उतरे विपक्षी कीड़ों का क्योंकि कोई तो चाहिए कमजोर दोषारोपण के लिए। दोष कभी कोई अपना देखा है क्योंकि दोष सदा दूसरे का दिखता है।

कलयुग के प्रभाव से कुर्सी का कीड़ा हुए लाइलाज, कोई उठाएगा ठीक करने का बीड़ा। यह यक्ष प्रश्न है! गलत जवाब पर मरने का डर है। डर सबको



लगता है। गला सबका सूखता है। कुर्सी पर बैठने से पहले भ्रष्टाचार



का सुर बेसुरा लगता है और कुर्सी पाने के बाद सुरीला। यह सुर इन कीड़ों को भाता है। सब एक सुर में गाते हैं। देश जाए भाड़ में और मलाई खाएं आड़ में। कुर्सी के कीड़ों का आदर्श वाक्य अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता। कुर्सी का लाइलाज कीड़ा, कौन उठाए ठीक करने का बीड़ा...!

**- सूर्यदीप कुशवाहा**

# कन्यापूजन

सपना तुम कन्यापूजन के लिए पकवान बना लो मैं पूजा के लिए सामान लेकर आता हूं.....कहते हुए सुनील ने अपनी बाईक निकाली। उसकी पत्नी सपना ने हां में सिर हिलाया और किचन में अपने कामों में लगी रही, थोड़ी देर में जब सुनील सामान लेकर घर लौटा तब तक सपना ने कन्यापूजन के लिए पकवान बना लिए थे। आज सुबह से ही दोनों पति पत्नी बहुत ही खुशी खुशी कन्यापूजन की तैयारियों में जुटे हुए थे, आज नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन व्रत का समापन जो करना था।

अब सुनील ने सपना से कहा सारी तैयारियां हो गई तो अब तुम आस पड़ोस से नौ कन्याओं को बुला लाओ ताकि हम उनकी पूजा करके व्रत सम्पन्न कर सकें। सपना भी हां ज़रूर बोलते हुए घर से बाहर निकली और अपने आस पड़ोस में कन्याओं को बुलाने चली गई, उन्हें अभी इस नई जगह में शिफ्ट हुए कुछ ही महीने हुए थे इसलिए उसे पता नहीं था कि इस शहर में लड़कों के मुकाबले लड़कियों की संख्या औसतन कम है।

सपना ने अपने आस पास के सभी घरों में जाकर देखा लेकिन उसे



कन्या पूजन के लिए नौ कन्याएं नहीं मिली।

हताश होकर वह घर लौट आई और सुनील को ये बात बताई, इस पर उसने अपनी सोसायटी के चेयरमैन को कॉल करके कन्यापूजन के लिए नौ कन्याओं की उपलब्धता के लिए निवेदन किया। वहां से भी उसे निराशा हाथ लगी और पता चला सोसाइटी और कॉलोनी ही नहीं शहर में लड़कियों की औसतन संख्या लड़कों से कम है। दरअसल वहां के लोग काफी पुराने खयालात के थे और हर किसी को अपने घर में बेटा ही चाहिए था और इसीलिए ज्यादातर लोग गर्भ में ही कन्या भ्रूण को समाप्त करवा देते थे यही कारण था कि वहां पर लड़कियों की संख्या कम थी। ये बात पता चलते ही और कन्यापूजन के बिना अपनी व्रत पूजा पूरी नहीं हो पाने के दुख में सपना रोने लगी। सुनील ने जब उसे चुप कराया तो वह रोते रोते उससे बोली ऐसा क्यों है सुनील क्यों लड़कियों को इस दुनिया में आने से रोका जाता है ईश्वर ने तो दुनिया में सभी को समान बनाया है फिर भी इंसान लड़का लड़की में भेदभाव क्यों करते हैं।

इस पर सुनील की आंखें भर आई और उसने रोती हुई सपना को उठाया और कहा चलो सपना हम घर में पूजा नहीं कर पाए तो कोई बात नहीं किसी देवी मंदिर में चलकर वहां कन्यापूजन हो रहा होगा उसी में हम भी शामिल हो जायेंगे, पकवान और पूजा सामान पैक कर लो और मैं वादा करता हूं कि कन्या भ्रूण हत्या और लिंगभेद के खिलाफ आवाज उठाते हुए यहां के लोगों को जागरूक करने का भरपूर प्रयास अवश्य करूंगा।

किसी ने क्या खूब कहा है बेटियों को गर्भ में मरवा दिया बेटे की खोज में, आज गली गली बेटियां ढूंढ रहे हैं कन्या भोज में।

**मुकेश कुमार सोनकर**
**सोनकरजी**
**हनुमान मंदिर के पास**
**मंदिरपारा, भाठागांव,**
**रायपुर छत्तीसगढ़-**
**492013**

# मृग मरीचिका

बेटा भूख से हलकान हो रहा था। उसका पेट धंसा हुआ था। लाख यत्न के बाद भी वह पेट फुला नहीं पा रहा था। उसने रसोईघर में जाकर मां को गुहार लगाई, मां, कुछ खाने को दो न ! मेरा पेट अंदर धंसा जा रहा है।मां ने एक थाली में दो सूखी रोटियाँ और प्याज का एक टुकड़ा रखकर बेटे को थमा दिया। उन्होंने झल्लाते हुए कहा, ले ! ठूंस ले।

बेटा ठुनठुनाने लगा। उसने कहा, माँ, सिर्फ दो रोटियाँ देती हो और कहती हो, ठूंस ले। और वह भी सूखी रोटियाँ ? क्या हम इतने गरीब हैं ? ये रोटियाँ हलक से नीचे नहीं उतरती हैं। माँ ने झिड़का, हम भारत के पीड़ित किसान हैं। अपना नसीब यही है। तभी अखबार का एक टुकड़ा उड़ता हुआ बच्चे के करीब आ गया। बच्चा भूख भूलकर अखबार का वह टुकड़ा उठाकर पढ़ने लगा। सामने ही एक बड़ा समाचार छपा था। लिखा था-फोर्ब्स के अनुसार दुनिया के दो सबसे बड़े



धनकुबेर भारत में। यह समाचार पढ़ बेटा गदगद होने लगा। उसने मां से कहा, देखो माँ, हमारे भारत के लोग कितने धनवान हैं। हम भारतवासी कितने खुशनसीब हैं। इस समाचार पर कुछ तो रहम करो। माँ बेटे की बात सुनकर कुछ पल चुप रही। फिर उसने बेटे से अखबार का वह टुकड़ा और रोटियों की थाली छीन ली। उन्होंने रोटियों और प्याज को थाली से निकालकर अखबार के उस टुकड़े में लपेट दिया। उन्होंने अखबार में लिपटी हुई रोटियां बेटे की तरफ बढ़ाई और कहा, तुझे अपने देश के धनकुबेरों पर बड़ा नाज हैं न ? तो देख, इस समाचार से लिपटकर रोटियां मुलायम हो गई हैं। ले, इन्हें अब प्रेम और खुशी से खा ले। बेटा जोर से ठहाके लगाने लगा। उसे लगा, आसपास हल्का उजास भर रहा हो और समृद्धि दिखाई देने लगी हो। उसने कहा, सचमुच, हमें ऐसे समाचार से ही खुश हो लेना है और सुःख की कल्पनाओं में खो जाना है। और वह रोटी-प्याज ऐसे खाने लगा मानो रोटियाँ पुड़ियाँ बन गई हों और प्याज पनीर की सब्जी। माँ को भी अच्छा लगा कि चलो, इस धोखे में भी कितना सुःख है। हम गरीबों का सुःख तो यही है।

**ज्ञानदेव मुकेश**
**न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी**
**पटना -800013**

# यह कैसा व्रत

मेरी नौकरी गांव में थी। जब मैं स्कूल जाया करती थी,अक्सर उसी राह पर मांगी को खेत पर आते जाते देखती थी। भोली भाली सी मांगी सारे दिन काम में लगी रहती। राह चलता भी अगर कोई काम कह देता वह मना नहीं करती। ऐसा लगता है उसका जीवन बस काम करने के लिए ही है। सुबह घर का काम कर वह गाय ,भैंस को ले खेत पर जाती थी। खेत पर दिन भर काम करती, बिल्कुल नहीं रुकती। यह समझ लो अपने जीवन को उसने मशीन बना लिया था। उसके इसी स्वभाव का सब फायदा उठाते थे। सास -ससुर, जेठ- जेठानी सबको जैसे नौकरानी मिल गई। सब आदेशात्मक भाषा में उससे बात किया करते थे और वह दौड़ दौड़ कर उनकी हाजिरी में खड़ी रहती थी। ओर पति ? वह तो केवल नाम का था। मांगी एक तो औरत, ऊपर से भोली-भाली,दो बच्चों की मां, इसी का फायदा उसका पति उठाया करता था, क्योंकि वह जानता था कि पीहर में उसको पूछने वाला कोई नहीं है। एक मां ही तो है, जो



गरीब है। अपने दिन भी मुश्किल से निकाल रही है। वह बेटी को ले जाने का सोच भी नहीं सकती। वह पुरुष के नाम पर कलंक था। खाना खाता,मिल जाता तो पी लेता और सारे दिन घर में पड़ा रहता। पीने की लत उसे ऐसी लगी, कि उसने मांगी के जो थोड़े बहुत गहने थे,उनको भी बेंच दिया। घर के सामानों को भी बेंच दिया। काम के बदले ही जेठ -जेठानी जैसे उसे खाना दिया करते थे। मेरी ही स्कूल में उसके बच्चे पढ़ने आया करते थे। मेरे से जितनी मदद होती, मैं उन बच्चों की किया करती थी। दोनों बच्चे पढ़ने में बहुत होशियार थे। अपने बच्चों की तरफ देखकर ही,इस तरह का दुखी जीवन मांगी जी रही थी। खेतों में मक्का की फसल कट रही थी। वह घर का काम कर सुबह खेत पर जाती। दिनभर वहां काम करती और शाम को घर आकर घर का काम करने में लग जाती। बात दो रोटी की जो थी। थकी हारी मांगी बचा कुचा खा सो जाती। आज शाम को वह खेत से थोड़ी जल्दी आ गई मैं रास्ते में ही उसे मिल गई। मुझसे कहने लगी, बहन जी कुछ पैसे दे दो उधार। मैंने कहा, तुम्हें क्या करना है पैसों का। उसने कहा, कल करवा चौथ है,कुछ सामान लाने। अपने पति के लिए व्रत रखूंगी। मैं बड़ी ध्यान से उसे देखने लगी। यह कैसी औरत है ,जिस पति ने उसे आज दिन तक दुःख ,दर्द के सिवा कुछ दिया ही नहीं। अपनी एक भी जिम्मेदारी का उसने निर्वहन नहीं किया। बस सारे दिन खाता-पीता पड़ा रहता। उस पति के लिए यह नादान सारे दिन भूखी रहेगी। यह कैसा व्रत। मैंने कहा मांगी,कितनी भोली है तू। पैसे तो मैं तुझे दे दूंगी। अपना ख्याल रखना कह, मैं वहां से चल दी।

**वीणा वैष्णव रागिनी**



## व्यंग्य
## वक्रासन

# धौंस देकर छवि बनाते नेता



एक समय था जब पुलिस का कोई सिपाही भी किसी के घर की कुंडी खटखटा देता तो पास पड़ोस के लोग उत्सुक हो उससे को पूछने लगते , कि ऐसा क्या कुछ हो गया कि पुलिस आई? सब पुलिस के रोब और उसके डंडे की मारक क्षमता से डरे सिकुड़े रहते थे। पर अब वह समय बीत गया। लोकतंत्र में नेता जन हित के लिए जागरूक हो गए । उन्हें अपने वोटों की सुरक्षित बनाए रखने के लिए वह किसी अधिकारी से कुछ भी बोल कर ,अपना वर्चस्व जमाने का कोई अवसर नहीं खोना नहीं चाहते । विपक्ष वाले नेता अल्लम गल्लम बयानबाजी से जनहितकारी रूप दिखाकर अपनी अहमियत दिखाते रहते हैं। यदि वह विरोधी पार्टी की सरकार के लिए किसी विरोध प्रदर्शन में भाग ले रहे हों और पुलिस उन्हें मनचाहा जगह तक जाने से रोकने प्रयास कर रही हो या हल्के में लाठी फटकार रही हो, तो ऐसे नेता पुलिस अधिकारियों को बख्ते नहीं। वह उनके खिलाफ कुछ भी बोल देंगे। कोई कहेगा, जब इस सरकार का कार्यकाल पूरा होगा तो आने वाली सरकार हमारी रहेगी और फिर हम पुलिस अधिकारियों घुटने के बल चला देंगे । कोई चेतावनी देता है कि पुलिस हमारे कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमे में फसाना छोड़ें। यह दादागिरी नहीं चलेगी । हमारा वक्त आने पर हम तेल निकाल देंगे। अपने कठोर वचनों से पुलिस को चेतावनी देते रहते हैं। इस ऐसे वातावरण में छुटभैया भी कब पीछे रहने वाले ? वह भी गाहे-बगाहे अपने स्तर की धौंस दे आजमाइशी प्रयोग करते रहते हैं ।

पुलिस की शांति बहाल रखने के लिए की गई कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या कहने लगते हैं ।? लेकिन पुलिस भी इन विपक्ष वालों की धौंस दप्पटी को एक कान से सुनकर बिना कोई चिंता किये दूसरे कान से निकाल देती है । वह नेताओं की जनता को अपने एक विचारों से भटकाने वाली बातों से परिचित है। नेताजी भी यह जानते हैं कि हाथी के दांत दिखाने के और व खाने की ओर होते हैं। जब विपक्ष वाले नेता सत्ता में आ जाते हैं, तो उन्हें भी मान मर्यादा नियमों की माला जपना होता है। और फिर सब पुरानी बातें आयी गयी होकर ,बीते दिनों की बात बनकर रह जाती है ।और फिर लोग भी यही कहेंगे ,ये तो बातें हैं, बातों का क्या?

**दिनेश विजयवर्गीय**
**215 मार्ग 4 रजत कॉलोनी, बूंदी 323001 राजस्थान**
**मोबाइल 94 131 28514**

## ना जुलम कर मेरे शीशे पर

हमारे देश में जितनी कारें प्रयोग में आती हैं उससे कई गुना अधिक दो पहिया वाहनों का उपयोग होने लगा है। कोई कारखाने - आफिस जाने के लिये , तो कोई स्कूल - कालेज जाने के लिये दो पहिया वाहन का प्रयोग करता है। आजकल तो आम जीवन में भी दो पहिया वाहन के बिना घर के बाहर का कोई काम नही होता है। दोपहिया वाहनों का चलाने का हाल ऐसा हो गया है जिस प्रकार कुछ सालों पहले तक साइकलें आमजन की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनी हुई थी। आजकल बड़े तो बड़े, बच्चों से भी बाजार का कोई काम करने के लिए कहो तो वे सीधे ही पूछते हैं कि स्कूटी से चला जाऊँ या चली जाऊँ? बाजार में, किसी आफिस में यदि कोई किसी काम के लिए अपना दो पहिया वाहन ले कर गया है और वहां पर पेड - पार्किंग की व्यवस्था है तो वही अपना वाहन रख अपने काम निपटाता है वरना सार्वजनिक पार्किंग स्थलों पर वाहन रखने की मजबूरी होती है। और जब इन स्थानों पर इन्हें पार्क किया जाता है तो सबसे बड़ी शामत इन वाहनों में लगे दोनों तरफ के शीशों की आती है क्योंकि आम हिन्दुस्तानी की आदत होती है आते जाते अपने आप को शीशे में निहारने की। इसी निहारने की आदत से, जिन वाहनों के शीशे थोड़े बहुत भी ढीले होते हैं वो या तो पूरे ढीले हो कर लटक जाते हैं या फिर तीन सौ साठ डिग्री से पूरी तरह घूम जाते हैं। पता नही लोगों को क्या मजा आता है कि जो शीशा थोड़ा सा भी घूम जाता है उसे वो किसी भी दिशा मे घुमाकर अपने आप को निहारना पसंद करते हैं। यदि किसी बंदे की गाडी का शीशा थोड़ा ढीला होता है तो वो उसे अपने कामों मे व्यस्त रहते हुए ठीक है दो चार रोज में करवा लेंगे सोच, टालता रहता है और इस सोच में वह दस - पंद्रह दिन निकाल देता है पर पार्किंग में खड़ी करने पर ऐसी गाडी के शीशे के साथ लगातार अत्याचार होता रहता है और फिर एक दिन ऐसी स्थिति आती है कि शीशा स्वयं ही लटक कर अपनी कहानी बयां करते हुए बोल उठता है कि ले भई ! अब मैं कोई काम का ना रहा। वही जो शीशा समय रहते ठीक करवा लिया जाता तो वो मामूली खर्चे में ठीक हो जाता पर दूसरों की नादानियों की कीमत उसे मोटे दामों में चुकाने से होती है। आप भी ध्यान रखिये अपने दो पहिया वाहन के शीशों का क्योंकि आप भी कोई ना कोई दो पहिया वाहन तो जरूर उपयोग लाते होंगें और आपके वाहन के ढीले शीशे भी आपकी लापरवाहियों की वजह से एक तरफ लटक कर कोई कहानी बयां ना करने लग जायें।

**नरेश कानूनगो**
**280, राजाराम नगर,**
**देवास - 455001.**

# सैकड़ों वर्ष प्रचीन शमी वृक्ष का पूजन कर की शहर को हरा-भरा रखने की प्रार्थना

## विजय मुहूर्त में की प्रकृति रक्षण के सबसे बड़े शस्त्र वृक्ष की पूजा

इंदौर। हमारी संस्कृति पर्यावरण के संरक्षण में नियमबद्ध तथा वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी का सूत्र प्रदान करती है। इसमें कहीं भी संकीर्णता,धर्मान्धता,घृणा,पृथकता आदि दुर्गुणों के लिये कोई स्थान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हमें निष्ठापूर्वक नैतिक अनुशासन की समस्त जन समुदाय को शिक्षा देनी चाहिए, जिससे पर्यावरण के प्रति प्रेम तथा उत्साह की भावना को प्रबल बनाया जा सके।



हमारे शास्त्र किसी भी उद्देश्य को ध्यान में रखकर क्यों न रचे गए हों, एक बात स्पष्ट है कि आज यह व्यवस्था खास तौर पर पर्यावरण संरक्षण के लिये एक नयी दिशा तथा प्रदूषण से उत्पन्न चुनौतियों को जड़ से समाप्त करने में सक्षम है।

उक्त उदगार मालवमंथन द्वारा खरगोणकर परिसर,शनि गली जूनी,इंदौर में आयोजित विजयादशमी पर आयोजित शमी पूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ पर्यावरणविद डॉ.ओ.पी.जोशी ने व्यक्त किए वही डॉ.मालासिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा आज आसुरी शक्तिया प्रत्यक्ष रूप से नहीं बल्कि सामाजिक विकृति एवं पर्यावरण प्रदूषण के रूप में में हमारे समाज को कष्ट पहुँचा रही है।

ऐसे में हमारी धार्मीक परंपरा एवं उनसे जुड़े संदेशो को लोकव्यापी बनाना होगा जुनीइंदौर में स्थित प्राचीन शमी वृक्ष की जानकारी श्री हरीश खरगोणकर ने दी कार्यक्रम के सयोंजक स्वप्निल व्यास ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया वनस्पति शास्त्र में शमी को भविष्यवक्ता भी कहा जाता है यह प्रकृति में आने वाले परिवर्तन को पहले से ही इंगित कर देता है। पौराणिक मान्यताओं में भी श्रीराम ने जब पूजन कर लंका पर आक्रमण किया तो शमी वृक्ष स्वयं विजय मुहूर्त में इस पूजन का साक्षी बना।

अर्जुन ने अज्ञातवास में अपने अस्त्र गांडीव को पूरे वर्ष शमी वृक्ष पर रखा। जिससे गांडीव महाभारत में मारक हथियार में रूप में शत्रुओं में खौफ का सबब बन गया। ऐसे महत्वपूर्ण वृक्ष के संरक्षण की आज आवश्यकता है।

इंदौर में शमी के बड़े वृक्ष दो-चार ही बचें है। आज की हमारी पूजन का उदेश्य शमी वृक्षों के साथ शहर में अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे प्राचीन वृक्षों का संरक्षण एवं उनके रोपण सदेश देना है।क्योंकि हमारी जीवन रक्षा के लिए पेड़ से बड़ा कोई शस्त्र नही है।

वही पूजन कार्य पंडित देवेंद्र पाठक ने संपन्न करवाया कार्यक्रम में एन. के उपाध्याय, वैशाली खरे, मुरली खण्डेलवाल ,कमल पाठक, डॉ. मनप्रीत कौर भाटिया, बसंत सोनी, पुखराज गहलोत, सचिन व्यास, विलास खरगोणकर, प्रवीण पाठक, वसंत खरगोणकर आदी उपस्थित रहे।

## शुभ संकल्प समूह द्वारा नव रात्रि पर्व पर आनलाइन साहित्य कार्यक्रम संपन्न



इंदौर। शुभ संकल्प समूह द्वारा नव रात्रि पर्व के उपलक्ष्य में दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया किया गया , कार्यक्रम निर्देशिका डॉ सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि देवी मां की आराधना के साथ लघुकथा। प्रतियोगिता आयोजित की गई यह कार्यक्रम डॉ कृष्णा अग्निहोत्री के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन निति अग्निहोत्री तथा अर्चना पण्डित ने किया , सरस्वती वंदना अर्चना पण्डित तथा स्वागत गीत मनोरमा जोशी ने किया , इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में ममता हिंदी, डॉ सुरीति रघुनंदन , रमा पुर्णिमा शर्मा थी , प्रतियोगिता की निर्णायक चित्रा गुप्ता विनीता तिवारी , शिप्रा शिल्पी सक्सेना नूपुर पाण्डेय थी। कार्यक्रम में सीता गुप्ता, शन्नो अग्रवाल, निति अग्निहोत्री, शेफाली श्रीवास्तव, संतोष तोषनीवाल, रजनी दवे, प्रभा तिवारी, कीर्ति निगम, प्रतिक्षा शर्मा, मंजू वशिष्ठ, ऋतु नंदन पांडेय, स्मिता, शिखा पोरवाल, मोनिका रूसिया, रागिनी वाजपेई, नीलू सक्सेना, मानवेन्द्र नारायणी माया, डॉ आभा माथुर, वैशाली रस्तोगी, माधुरीकुंज सोनी, अंसुइया साहू, अश्वनी केगांवकर , हेमलता राजेंद्र शर्मा, सविता ठाकुर, कुमुद दुबे, प्रेम सिंह काव्या , सुशीला दामिनी , स्मिता अराधना सदाशिव, लीना शारदा ने अपनी रचनाओं द्वारा सभी का मन मोह लिया। आभार प्रर्दशन निति अग्निहोत्री ने किया।



मां विंध्यवासिनी गरबा मंडल गरबा महोत्सव मनाया मंडल के सदस्य - लालचंद पाण्डे, संजय पाण्डे, मनीष केतके, विक्की ङ्क यादव, राकेश पाण्डे, ललित नामदेव, दयाशंकर पहारे, निशा केतके, उषा ठानगे, किरण पहारे, रजनी गड़वाल।

## क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना ने मुख्यमंत्री का किया सम्मान



इंदौर। क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का विधायक रमेश मेंदोला के नेतृत्व में सम्मान किया। सेना के प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रकांत कुंजीर चंदु भैया ने छत्रपती शिवाजी महाराज का चित्र भेट कर 29 दिसंबर को आयोजित होने परिचय सम्मेलन का न्योता दिया।

क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना के सदस्यों ने मुख्यमंत्री यादव को सेना द्वारा चलाए अनेक सामाजिक कार्यों और आयोजनों की जानकारी दी। क्षत्रिय मराठा समाज का 29 दिसंबर को परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमे आने के लिए मुख्यमंत्री को न्योता दिया। इस अवसर में मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का चित्र पाकर अभिभूत हुआ सम्मान के लिए धन्यवाद। सम्मेलन में आने के आश्वाशन दिया। इस अवसर पर चंद्रकांत कुंजीर, करण कुंजीर,मिलिंद दिघे, प्रदेश महिला अध्यक्ष स्वाति मोहिते,शहर अध्यक्ष लवली जाधव, प्रमोद गौरे, चिरंजीव सिंह,श्यामसुंदर शर्मा,अंकुश भोसले के साथ मराठा समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## साईं कृपा कॉलोनी में भजन संध्या का आयोजन



सांई कृपा कॉलोनी के शिव शक्ति मंदिर में नवरात्रि के अष्टमी को महिला मंडल ने भजन संध्या का आयोजन किया। सभी महिलाओं ने ढोलक ,झांझ - मंजीरों के साथ माता रानी के सुरीले भजन गाकर आरती -वन्दना की और संकल्प लिया कि प्लास्टिक की थैलियों का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करेंगे और वातावरण को शुद्ध रखने में पूरा सहयोग देंगे।

# इंदौर की सेंट्रल जेल मे नवरात्र पर्व पर मां की आराधना के साथ बंदियों ने किए गरबे

इन्दौर। शक्ति के आराधना पर्व नवरात्रि में इंदौर के सेंट्रल जेल में अनूठी पहल सामने आई है। नवरात्रि उत्सव में जेल बंदियों के जीवन के अंधकार को दूर कर नवरंग लाने की कोशिश की जा रही है।



सेंट्रल जेल में भी जेल स्टाफ द्वारा न केवल नौ दिन नवदुर्गा को स्थापित कर पूजन किया जा रहा है, बल्कि जेल बंदियों द्वारा नौ दिनों तक गरबा भी किया जा रहा है। सेंट्रल जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि आदिवासी बंदियों द्वारा गुजराती गरबे का प्रदर्शन एवं अन्य बंदियों द्वारा आदिवासी लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया रहा है।

गरबों के लिए महिला एवं पुरुष बंदियों की कई टीम बनाई गई है जो सुंदर वेश-भूषा में पारंपरिक गरबे प्रस्तुत कर रहे हैं। गरबे के पश्चात जेल अधिकारी एवं स्टाफ के साथ सभी कैदी माँ अम्बे की आरती भी करते हैं। गरबा देखने के लिए जेल के बड़े मैदान में करीब 1000 बंदियों को अनुमति दी जाती है। बंदियों को एक माह पहले से जया शेट्टी ने गरबों का प्रशिक्षण दिया।

स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. की टीम ने सेंट्रल जेल में आयोजित गरबा उत्सव में भाग लिया। अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, रवि चावला, सोनाली यादव, मीना राणा शाह, विजय गुंजाल, बंशी लालवानी, संजय मेहता, गोविन्द लाहोटी, समीर पाठक, अशोक रघुवंशी, गोवर्धन लिम्बोदिया, जीतू गुप्ता, शैलेन्द्र श्रीमाल, प्रभात जैन आदि ने माँ अम्बे की आरती की। उप-जेल अधीक्षक इंदरसिंह नागर एवं संतोष लड़िया ने मीडियाकर्मियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन सुधीर नागले ने किया। सेंट्रल जेल में नवरात्रि के अलावा गणेश उत्सव, दीपावली आदि त्यौहार भी मनाए जाते हैं। समय-समय पर शिव-पुराण कथा और अन्य धार्मिक, सामाजिक आयोजन भी जेल अधीक्षक अलका सोनकर की प्रेरणा से लगातार हो रहे हैं।

## रावण की पूजा कर आतंकवाद का पुतला दहन



पीथमपुर। शहर में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा पारंपरिक तरीके एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा पर देवी विसर्जन के साथ ही पूरे जिले में रावण दहन किया गया। आयोजनो में श्रीराम-लक्ष्मण ने वानर सेना के साथ मिलकर रावण का वध कर उसका दहन किया गया।

प्रमुख स्थानों 9 बजे के लगभग रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामलीला के राम-लक्ष्मण की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद रावण वध का चित्रण किया गया।

इसमें श्रीराम के रावण की नाभि में बाण मारते ही दशानन का अहंकार धू-धूकर जल गया। रावण दहन के साथ ही पूरे परिसर में जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो गया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए मौके पर नगरपालिका का दमकल वाहन और पुलिस प्रशासन मौके मौजूद रहा। रावण दहन के बाद सभी ने एक दूसरे को विजयादशमी की बधाई दी।

## शस्त्र पूजन कर पथ संचलन निकाला



इंदौर। कोदरिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोदरिया शाखा संघ स्थान पर एकत्र होकर विजयादशमी पर्व शस्त्र पूजन कर मनाया, इस अवसर पर श्री सुभाष जी वर्मा विभाग सह सामाजिक प्रमुख का बोद्धिक हुआ।

संघ का शताब्दी का इतिहास के साथ वर्तमान परिस्थितियों व कुटुम्ब प्रबंधन, राष्ट्की सेवा परिवार व हिन्दू एकता एक मंदिर एक शमशान एक कुआं आदि पर सार गर्भित विचार व्यक्त किए।

बौद्धिक के पश्चात घोष के पथ संचलन निकाला इसमें 74 स्वयंसेवक पूर्ण गणेश में, 24 घोष वादक, 56 अर्ध गणवेश व सामान्य वेशभूषा में सम्मिलित हुए। वासुदेव जी यादव महू ग्रामीण संघचालक, राहुल जी शर्मा महू जिला सह शारीरिक प्रमुख, हेमराज केलोत्रा जिला सह बौद्धिक प्रमुख, आर्यन कौशल जिला सह बाल कार्य प्रमुख उपस्थित है। पथ संचलन गांव गांव की विभिन्न कालोनियों से होता हुआ पुन संघ स्थान पर समाप्त हुआ।

# गृह ज्योति योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं को दी 149 करोड़ की सब्सिडी

## मालवा-निमाड़ के 30.78 लाख उपभोक्ताओं को मिली 1 रूपए यूनिट में बिजली

इंदौर। राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। पिछले एक माह के दौरान मालवा निमाड़ के 15 जिलों के 30 लाख 78 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिला है। इन्हें 149 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है।



मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि इस महत्वपूर्ण योजना के तहत घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट तक दी जाती है। सौ यूनिट से 150 यूनिट तक खपत होने पर 100 यूनिट के बाद प्रचलित दर से बिल तैयार होता है। तीस दिन के अंतराल में 150 यूनिट कुल खपत या प्रतिदिन पांच यूनिट औसत खपत से ज्यादा होने पर उस माह की सब्सिडी प्रदान नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह के दौरान मालवा-निमाड़ में 30 लाख 78 हजार उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना से लाभान्वित किया गया है। लाभान्वित उपभोक्ताओं के बिल में 560 रूपए तक की अधिकतम सब्सिडी दी गई है। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में सर्वाधिक इंदौर जिले में 4.25 लाख उपभोक्ता योजना से लाभान्वित हुए है, इन्हें 18 करोड़ की सब्सिडी दी गई। धार जिले में 3.20 लाख, उज्जैन जिले में 2.80 लाख, खरगोन जिले में 2.70 लाख, रतलाम जिले में 2.32 लाख, मंदसौर जिले में 2.19 लाख, देवास जिले में 2.16 लाख, बड़वानी 2 लाख एवं अन्य जिलों खंडवा, नीमच, शाजापुर, आगर, झाबुआ, बुरहानपुर, आलीराजपुर आदि में 88 हजार से लेकर 1.95 लाख उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत सब्सिडी प्रदान की गई है।

# घणी खमा फेम पारुल चौहान की मौजूदगी में मीडियाकर्मियों ने खेले गरबे

## नवरात्रि में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. ने किया गरबा रास का आयोजन

इंदौर। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. ने नवरात्रि त्यौहार पर मीडियाकर्मी एवं परिजन के लिए पारिवारिक गरबा रास का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मदुरंग-टू और घणी खमा-टू म्यूजिक एलबम से प्रसिद्धी पाने वाली कत्थक नृत्य कलाकार एवं अभिनेत्री पारुल चौहान थीं।

पारुल चौहान ने वर्ष 2018 में अक्षय कुमार की फिल्म पेडमैंन में बहन का किरदार निभाया था। बचपन से ही नृत्य के प्रति रूचि रखने वाली पारुल को प्रिया गोखले ने प्रशिक्षण दिया। इन दिनों पारुल कत्थक विषय में पीएचडी कर रही हैं। पारुल ने बताया कि जल्दी ही घणी खमा-थ्री म्यूजिक एलबम भी जारी होने वाला है। पारुल के दोनों म्यूजिक एलबम को करोड़ों दर्शकों ने निहारा है।



गरबा रास में पारुल चौहान ने माँ अम्बे की आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में पारुल के परिजन शैलेन्द्र सिंह चौहान, बरखा चौहान और उदित राज सिंह चौहान भी मौजूद थे। इस अवसर पर पारुल चौहान ने कहा कि नृत्य कला के बल पर उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में पैर रखने का अवसर मिला है। उन्हें उम्मीद है जल्दी ही किसी बड़ी फिल्म में उन्हें मौका मिलेगा। प्रारम्भ में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, लीना खारीवाल, मुख्य महासचिव नवनीत शुक्ला, उपाध्यक्ष रवि चावला, कोषाध्यक्ष सोनाली यादव, प्रीति भारद्वाज, वूमेंस प्रेस क्लब अध्यक्ष शीतल रॉय, अभिषेक बडजात्या, विजय गुंजाल एवं कृष्णकांत रोकड़े ने पारुल चौहान का स्वागत किया। अंत में प्रवीण धनोतिया ने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मीडियाकर्मियों के परिजनों ने माँ अम्बे की आराधना करते हुए गरबे प्रस्तुत किए।

## विचार प्रवाह

### जिन्ह कें रही भावना जैसी

त्रेता युग की बात है। मिथिला में महाराज जनक की पुत्री सीता जी के स्वयंवर का आयोजन किया गया था। विदेहराज का प्रण था कि उनके आमंत्रण पर आए राजाओं में से जो शंकर भगवान के धनुष को तोड़ेगा, सीता जी उसका पतिरूप में वरण कर लेंगी। यज्ञशाला में शिव जी के धनुष को रखा गया था।

पूरे नगर में यह समाचार जंगल में आग की तरह फैल गया कि महामुनि विश्वामित्र के साथ आए अयोध्या के राजकुमार श्रीराम और लक्ष्मण भी स्वयंवर में पधार रहे हैं जिन्होंने एक दिन पहले नगर भ्रमण करते हुए अपने सुंदर व्यक्तित्व से सभी का मन मोह लिया था। मिथिलावासी अपना काम-धाम छोड़ रंगभूमि की ओर चल दिए। वे सभी राघवेंद्र सरकार के दर्शन करना चाहते थे। श्रीराम द्वारा राक्षसी ताड़का का वध और अहल्या के उद्धार की चर्चा उनके शौर्य, परोपकार और सुंदरता की ख्याति के साथ वहाँ पहले ही पहुँच चुकी थी। अपनी अपनी भावनाओं के अनुरूप सबने मन में श्रीराम की छवि गढ़ ली थी।

जब श्रीराम और लक्ष्मण स्वयंवर स्थल पर पहुँचे तो सभी ने अपनी मानसिकता के अनुरूप उनको देखा। 'श्रीराम चरित मानस' के इस प्रसंग में तुलसी बाबा ने मनोविज्ञान का बहुत सुंदर विवेचन किया है कि अंतःकरण में उत्पन्न मान्यताएँ संस्कार बनकर मानवीय विचारों को कैसे प्रभावित करती हैं! श्रीराम के स्वरूप, क्रियाकलापों और जनश्रुतियों ने धनुष यज्ञ में उपस्थित व्यक्तियों को भगवान को देखने की नई दृष्टि प्रदान कर दी थी।

युद्ध में धैर्य धारण करनेवाले राजाओं ने उन्हें साक्षात वीर रस के रूप में देखा। कुटिल राजाओं को वे डरावनी मूर्ति और छलपूर्वक राजाओं का वेष धारण किए राक्षसों को प्रत्यक्ष काल जान पड़े। नगरवासियों को वे नेत्रों को सुख देनेवाले नरभूषण लगे। स्त्रियों ने हृदय में हर्षित होकर उन्हें अपनी-अपनी रुचि के अनुसार ऐसे देखा मानो शृंगार रस ही परम अनुपम मूर्ति धारण कर सुशोभित हो रहा हो। विद्वानों को प्रभु अनेक मुँह, हाथ, पैर, नेत्र और सिर वाले विराट स्वरूप में दिखाई दिए। जनक जी के कुटुम्बियों को वे सगे संबंधियों की तरह प्रिय लगे। जनक जी और रानियाँ उन्हें अत्यंत प्रीतिपूर्वक अपने बच्चे की भाँति देख रही हैं। योगियों को वे परम तत्व और हरिभक्तों को इष्टदेव लगे। भगवान राम को सीता जी जिस भाव से देख रही हैं, उस स्नेह और सुख का वर्णन नहीं किया जा सकता है। यहाँ स्वाभाविक जिज्ञासा होती है कि रंगभूमि में सबसे विशाल मंच पर विराजमान होनेवाले श्रीराम यथार्थ में कैसे दिखाई दे रहे थे? गुसाईं जी ने विस्तार से करोड़ों कामदेव की उपमा को तुच्छ बनानेवाले राघव के अलौकिक स्वरूप का वर्णन किया है, जो संक्षेप में इस प्रकार है- वे बिना बनाव-शृंगार के मन को हरनेवाले हैं। उनका सुंदर मुख शरद पूर्णिमा के चाँद को नीचा दिखाने और कमलनयन मन को भानेवाले हैं। सुंदर चितवन कामदेव के मन को हरनेवाली, गाल सुंदर और कानों में डोलते हुए कुंडल हैं। ठोड़ी और होंठ सुंदर तथा वाणी कोमल है। चंद्र किरणों का तिरस्कार करनेवाली हँसी, भौंहें टेढ़ी, मनोहर नासिका और चौड़े ललाट पर तिलक दीप्तिमान हो रहा है। काले घुंघराले बालों से भौंरों की पंक्तियाँ लजा जाएँ। सिर पर फूलों की कढ़ाई वाली पीली टोपियाँ हैं। तीनों लोकों की सुंदरता की सीमा शंख के समान गले पर तीन रेखाएँ हैं। हृदय पर गजमुक्ताओं की सुंदर कंठा और तुलसी की माला है। कंधे बैलों की तरह ऊँचे तथा पुष्ट, खड़े होने की शान सिंह की सी और विशाल भुजाएँ बल का भंडार हैं। कमर में तरकस और पीतांबर बाँधे हैं। दाहिने हाथ में बाण और सुंदर बांये कंधे पर धनुष और यज्ञोपवीत सुशोभित है। नख से लेकर शिख तक सब अंग सुंदर हैं, उन पर महान शोभा छाई हुई है। मिथिला नरेश सहित सभी श्रीराम को देखकर धन्य हो गए। ईश्वर के यथार्थ रूप के दर्शन करने के लिए मन का निर्मल होना आवश्यक है। यह सर्वविदित है कि श्रीराम ने शिव जी के धनुष को तोड़ा और सीता जी के साथ विवाह किया।

रमेश रंजन त्रिपाठी, इंदौर

# शस्त्र पूजन के रूप में देवी अहिल्याबाई होलकर की तलवार का किया पूजन

## नगर वासियों की मांग के अनुरूप महेश्वर को जिला बनाने की नहीं की घोषणा

शनिवार को मध्य प्रदेश क मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विजयादशमी पर्व के अवसर पर शस्त्र पूजन के लिए खरगोन जिले के पवित्र एवं पर्यटन नगरी महेश्वर पहुचे। हेलीपैड पर उतरने के बाद वे अपने काफिले के साथ नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए देवी अहिल्या बाई होलकर की राजगादी पर पहुंचे जहां पर पूजा अर्चन किया गया।





नर्मदा तट पर स्थित किले में पहुँचने पर देवी अहिल्या के वंशज यशवंतराव होलकर तृतीय ने उनका परम्परागत रूप से स्वागत किया। रास्ते में नगर वासियों द्वारा किए गए स्वागत को भी उन्होंने सहज स्वीकार किया इसके पश्चात वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां उनके द्वारा सभी नगर वासियों का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया गया इसके पश्चात मंच पर कन्या पूजन किया इसके पश्चात शस्त्र पूजन का कार्यक्रम शुरू हुआ। शास्त्र मंत्र उच्चारण के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ उनके साथ क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव भी शामिल रहे। मंच से राजकुमार मेव द्वारा मुख्य मंत्री यादव से महेश्वर नगर को जिला बनाने की मांग की गई।

खरगोन बड़वानी सांसद गजेंद्र पटेल द्वारा मंच से जिले में होने वाले लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यो की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शस्त्रागार में विशेष तौर पर उस तलवार का पूजन किया जो उनके शौर्य का प्रतीक है। यह तलवार देवी अहिल्या स्वयं धारण करती थीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि देवी अहिल्या पुण्य प्रताप और परोपकार की पर्याय हैं। आज विजयादशमी के अवसर पर उनकी कर्मभूमि पहुँचकर नमन कर स्वयं को कृतार्थ महसूस कर रहा हूँ।

उनके द्वारा मंच से देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किए गए जनहित कार्यो की सराहना की गई। काफी देर उद्बोधन देने के बाद भी जब महेश्वर नगर को जिला बनाने की घोषणा नहीं की गई तो मंच के सामने बैठी जनता द्वारा महेश्वर को जिला बनाने की मांग की गई लेकिन मुख्यमंत्री जी परिसीमन की बात कर महेश्वर को जिला बनाने की बात टाल गए जिससे नगर सहित आसपास की जनता में निराशा देखी गई।जिले के 83 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से 43 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं मंच से घोषणा की गई महेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल स्वास्थ्य केंद्र बनने की सौगात मिली है मकर संक्रांति पर महेश्वर में मंत्रि परिषद की बैठक होगी।

लोक माता देवी अहिल्याबाई का अहिल्या माता लोक बनाया जाएगा जो 14 अप्रैल 2023 को मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह द्वारा भी घोषणा की जा चुकी है,औद्योगिक क्षेत्र मातमुर में बड़े उद्योग लगाकर इंडस्ट्रियल क्षेत्र बनाया जाएगा, बुनकरों के लिए टेक्सटाइल टूरिज्म विलेज बनाया जाएगा । इसके पूर्व हेलीपेड महेश्वर में पहुंचने पर उनका क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग, कलेक्टर खरगोन श्री कर्मवीर शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान खरगोन बड़वानी सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक राजकुमार मेव, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, खरगोन जिला अध्यक्ष राजेंद्र राठौड़, विवेक भटोरे, मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, भूपेंद्र आर्य, समाजसेवी शम्मी आमगा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।।

# विजयदशमी पर्व पर निकलता है हर वर्ष पथ संचलन

आष्टा। शनिवार को दशहरा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला पथ संचलन से पहले मुख्य कार्यक्रम साहू गार्डन में हुआ जिसमें आरएसएस के प्रमुख वक्ताओं के उद्बोधन हुए जिसमें लक्ष्मी नारायण चौहान मध्य भारत प्रांत के शहर समरसता संयोजक, पारसमल सिंघवी जिला संघ चालक, रमेश चंद भूतिया नगर संघ चालक, कार्यक्रम की अध्यक्ष सुश्री कुसुम दीदी ब्रह्मा कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय केंद्र आष्टा की प्रमुख ने की ।



**राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने विशाल पथ संचलन निकाला, स्वयंसेवक कदम से कदम ताल मिलाकर चल रहे थे**

विजयदशमी पर्व पर हर वर्ष राष्ट्रीय स्वयं संघ पथ संचालन निकलता है शनिवार को भी शहर के सेमनरी रोड स्थित साहू गार्डन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन कदम ताल मिलाकर निकला जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला इस दौरान स्वयं सैनिक अपनी परंपरा परंपरागत वेशभूषा में नजर आए।

### इन क्षेत्रों से निकला पथ संचलन

शहर के साहू गार्डन से पथ संचालन शुरू हुआ जो की कॉलोनी चौराहा , कन्नौद रोड, अदालत चौराहा, मानस भवन, नजरगंज, सिकंदर बाजार, बड़ा बाजार ,पुरानी सब्जी मंडी, पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड, परदेसीपुरा, बुधवारा होता हुआ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा।

## असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा रावण दहन कर हर्ष उल्लास से मनाया



कसरावद इंदौर समाचार सेवकराम चौबे कसरावद शनिवार को विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया । मुख्य आयोजन मेला ग्राउंड मैदान में हुआ।,यहां नगर परिषद द्वारा 30 फिट ऊंचा रावण का पुतला बनाया । देर शाम रावण का पुतला दहन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग रावण दहन को देखने के लिए उमड़े। साथ ही भव्य आतिशबाजी की गई। ।

एक दुसरे एवं वही मुस्लिम भाइयों ने मंच लगाकर सभी को विजयदशमी की गले मिलकर बधाई दी।

## आतिशबाजी के साथ तीर लगते ही जल उठा अहंकारी रूपी रावण





**नगर परिषद में वाहन पूजन, थाने पर हुआ शस्त्र पूजन**

**नगर वासियों ने एक दूसरे को गले लगाकर दी दशहरे की बधाई**

महेश्वर। नगर सहित आंचलिक क्षेत्र में शनिवार को विजय दशमी का पर्व बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। थाने में थाना प्रभारी जगदीश गोयल सहित पुलिस कर्मचारियों द्वारा विधि विधान से शस्त्र पूजन किया गया वही नगर परिषद सीएमओ प्रियंक पंडिया द्वारा कचरा वाहनों सहित अन्य वाहनों का पूजन किया गया। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सीएम राइस विद्यालय ग्राउंड में शाम को 28 फिट के अहंकारी रूपी रावण का दहन किया गया। रावण दहन के पूर्व स्कूल ग्राउंड पर जमकर रंग बिरंगी आतिशबाजी की गई। रावण दहन बाद दशहरा पर्व की नगर जनों ने एक दुसरे को गले लगा कर बधाई दी ।

## निःशुल्क 51 सदस्यीय अयोध्या यात्रा में लक्की ड्रा का आवेदन आज और कल होंगे जमा

टांडा(धार)। लक्की ठाकुर की प्रेरणा से 51 सदस्य अयोध्या यात्रा के निशुल्क आवेदन की प्रक्रिया आज से प्रारंभ होगी। निशुल्क अयोध्या यात्रा के आयोजन विजय माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 एवं 15 अक्टूबर को 35 से 65 वर्ष की उम्र के व्यक्ति यात्रा में भाग ले सकते हैं। मेन रोड स्थित बालाजी टेडर्स पर फार्म उपलब्ध है जिसमे भाग लेने वाले व्यक्ति अपना नाम उम्र एवं पता लिखकर लकी ड्रा की पेटी में अपने हाथों से जमा कर सकते हैं। 2 दिन आवेदन की प्रक्रिया के बाद तीसरे दिन शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री राम मंदिर प्रांगण में लक्की ड्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमे 51 व्यक्तियों की चिट्ठी निकालकर अयोध्या यात्रा के लिए चयन किया जाएगा। विजय माहेश्वरी ने अधिक से अधिक लोगों को लक्की ड्रा में भाग लेने का आग्रह किया है।

## मंत्री, विधायक, कलेक्टर और एसपी ने की शस्त्र पूजा, डीआरपी लाईन में हुआ आयोजन,



शाजापुर, निप्र। नगर में विजयदशमी के पर्व पर स्थानीय डीआरपी लाईन में परंपरागत तरीके से शास्त्रों का विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान प्रदेश के उच्च एंवं तकनिकी शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, लोकप्रिय विधायक अरुण भीमावाद, कलेक्टर रिजु बाफना व एसपी यशपाल राजपूत ने विधि विधान के शस्त्रों की पूजा अर्चना व हवन की आहूति कर आरती की गई। इस दौरान मंत्री परमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विजय दशमी का पर्व अपने देश की परंपरा में भगवान राम के काल से बनाते आ रहे हैं। अपनी सभ्यताओं का अपनी विरासतों और अपने देश की रक्षा करने का समर्थ हो। इसी भाव के साथ हम शस्त्र पूजन भी करते हैं। इस अवसर पर एएसपी टीएस बघेल, एडीएम बीएस सोंलकी, जिला होमगार्ड कमाण्डेन्ट विक्रम मालवीय, एसडीएम मनीषा वास्कले सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

**विजयदशमी पर कलेक्टर-एसपी ने साफा पहनकर की पूजा-अर्चना**-प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे अमले के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा मनाया। दशहरे के मौके पर कलेक्टर रिजू बाफना एसपी यशपाल राजपूत ने साफा पहन कर विधि विधान से शासकीय वाहनों की पूजन के साथ सभी अधिकारियों ने अपने-अपने वाहनों की पूजा की और श्रीफल फोड़ा लगभग 50 से अधिक वाहनों की सामूहिक पूजा की गई। पूजा के दौरान एएसपी टीएस बघेल, एडीएम बीएस सोंलकी, जिला होमगार्ड कमाण्डेन्ट विक्रम मालवीय, एसडीएम मनीषा वास्कले सहित पुलिस बल का स्टाफ उपस्थित रहा।

# शरद पूर्णिमा पांच दिवसीय संत सिंगाजी मेला वायल 14 अक्टूबर से प्रारंभ होगा

मनावर से बसन्त जख़्मी, तहसील मनावर से 10 किलोमीटर सेमलदा रोड पचखेडा सिरसाला से 2 किलोमीटर ग्राम वायल सिंगाजी पहाड़ी पर विराजित संत सिंगाजी मंदिर पर प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष अभी शरद पूर्णिमा पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन होगा।



**श्री श्री 1008 श्री सिंगाजी महाराज का पूजन स्थल शनि सिंगाजी धाम कैलाश आश्रम वायल**

शुभारंभ 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक रहेगा जिसमें प्रतिदिन रात्री कालिन कार्यक्रम 14 अक्टूबर को भजन महिला मंडल वायल 15 अक्टूबर राधा कृष्ण मंडल सुंदरकांड एवं भजन संध्या बागल्या 16 अक्टूबर को माँ रेवा मंडल सुंदरकांड एवं भजन संध्या गोपालपुरा 17 अक्टूबर शरद पूर्णिमा ध्वज मंदिर पर चढ़ाने के पश्चात कन्याभोज महाप्रसादी एवं रात्रि मारुति नंदन सुंदरकांड पाटीदार देवला 18 अक्टूबर भजन कुवाली भजन मंडली के द्वारा होगा ।

मेला रात्रि कालीन होकर हजारों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं मेले में स्वयं दुकानदारो द्वारा झूले होटल मिकी माउस होटले खिलोने की दुकाने सौ से अधिक लगाते है जो सिंगाजी पहाड़ी एक अद्भुत के रूप में विकसित होकर 35 से 40 किलोमीटर की जनता को मोहित कर दर्शन से आनंदमय करती है सिंगाजी पहाड़ी वायल पुरातत्व समय से विराजित सिंगाजी चरण पादुका का बड़े सिंगाजी के इतिहास में नाम वर्णित है सिंगाजी पहाड़ी पर मनकामनेश्वर संकट मोचन हनुमान मंदिर शनि मंदिर पंचववटेश्वर महादेव मंदिर भी विराजित है सिंगाजी मेला वर्ष 1986 से छोटे रूप में प्रारंभ होकर आज एक विशाल मेले के रूप में परिवर्तित होना सिंगाजी का एक चमत्कारिक एवं आशीर्वाद प्रदर्शित होता है ।

हनुमान जयंती 13/ 4 / 2011 से प्रतिपूर्णिमा कन्या भोज का आयोजन भी होता है श्री श्री 1008 श्री दिगंबर सुखदेव भारतीजी महाराज महंत दिगंबर श्री कैलाश भारती के सानिध्य में पांच दिवसीय शरद पूर्णिमा पर मेला आयोजित रहेगा।

मेले में सिंगाजी दर्शन एवं मन्नतें तुलादान मेले का आनंद के लिए श्रद्धालु अधिक संख्या में उपस्थित होते है।

# सजी-धजी बैलगाड़ियों पर सवार होकर मनाया दशहरा पर्व

बोरावां। दशहरा के पावन पर्व पर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अरूण यादव और कसरावद विधायक सचिन यादव ने शनिवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बैलगाड़ी पर सवार होकर श्रीराम के जयघोष के साथ अपने गृहग्राम बोरावां में दशहरा मनाने निकले और रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए।





रावण दहन होने के पश्चात अरूण यादव और सचिन यादव ने ग्रामवासियों को गले मिलकर दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री यादवद्वय द्वारा क्षेत्रवासियों, प्रदेश,जिले के साथ ही देश के लिए भगवान श्रीराम से अमन-चैन, सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर किशोर यादव, राजेश यादव, जगदीश यादव, हेमेंद्र यादव, डोंगर यादव, अनिल यादव के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### दशहरा मिलन समारेह में विधायक सचिन यादव ने गले मिलकर दी बधाई

गृहग्राम बोरावां में रविवार को आयोजित दशहरा मिलन समारोह में पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव एवं मप्र के पूर्व कृषि मंत्री रहे कसरावद विधायक सचिन यादव ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीयता से गले मिलकर विजयादशमी की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी । उन्होनें कहा कि दशहरे का यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए ।

## नगर में पथ संचालन निकाला



**सैलाना।** दशहरे के पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के प्रमुख मार्ग से पथ संचालन निकाला गया पथ संचालन का नगर के चौराहे पर पुष्प वर्षा की गई। पथ संचलन से पहले सागर वाटिका में संघ ध्वज फहराया गया और शस्त्र पूजा की गई व बौद्धिक कार्यक्रम में जिला कार्यवाहक संतोष पाटीदार की अध्यक्षता कर रहे थे इस दौरान खंड संचालक चौक सिंह निनामा सत्येंद्र कुशवाह उपस्थित थे।

## हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ के साथ रावण के पुतले का दहन



**सैलाना** नगर परिषद द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम अपने आप मे अनूठा हुआ, नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ल ने बताया कि विजय दशमी दशहरे के आयोजन में परिषद द्वारा 51 फिट का रावण बनाया गया है और रावण दहन के पूर्व नगर में रामजी की सवारी प्रतिवर्षानुसार निकाली गई नगर भृमण करते हुए सवारी हाईस्कूल मैदान पहुची ओर इसके बाद मैदान पर हनुमान चालिसा का संगीत मय पाठ हुआ इसके बाद श्रीरामजी की आरती हुई उसके बाद आकर्षक आतिशबाजी की गई जो नगर परिषद के अनुभवी कर्मचारियों के देखरेख में की गई फिर श्रीराम द्वारा रावण का दहन किया गया इस बार कार्यक्रम के पूर्व बारिश हुई लेकिन नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ल ओर नगर परिषद की अनुभवी टीम ने मोर्चा।संभाला और कार्यक्रम सानन्द सम्पन्न करवाया चुकी रावण दहन से।धार्मिक भावनाएं जुड़ी हैं तो।नगर परिषद ने भी ध्यान रखते हुए लगे रहकर कार्यक्रम करवाया।

## मालवीय बने प्रेस क्लब अध्यक्ष



**सैलाना।** नगर के विश्राम ग्रह पर रविवार को प्रेस क्लब का दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित बैठक मे पत्रकार साथियो द्वारा प्रेस क्लब अध्यक्ष के लिए सर्वानुमति से सुरेश मालवीय का नाम मनोनीत किया। जिसका प्रस्ताव कैलाश परिहार व समर्थन वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र त्रिवेदी ने किया।इस अवसर पर नंदलाल बैरागी,विमल मांडोत, विमल कटारिया, मनोज भंडारी, संजय शर्मा, धर्मेंद्र मालवीय,सुनील सिंह परिहार, बुरहान लुकमानी,कृष्णा राठौर, कृष्णचन्द्र मालवीय, निखिल माहेश्वरी,नितेश राठौर, पंकज राणावत उपस्थित थे। बैठक का संचालन एडवोकेट कांतिलाल राठौड़ ने किया।

## समपार संख्या 234 एवं 227 से आवागमन बंद

**रतलाम ।**पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के रतलाम-डॉ. अम्बे डकर नगर खंड में स्थित समपार संख्या 234 एवं 227 के स्थामन पर रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किये जाने के कारण इन दोनों समपार फाटकों को सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए बंद किया जा रहा है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए जनसमपर्क अधिकारी खेमराज मिणा ने बताया कि समपार संख्यान 234 से आवागमन 15 अक्टू बर, 2024 से अगले नौ महीने तक बंद रहेगा। इस दौरान सड़क उपयोगकर्ता परेशानी से बचने के लिए पाल काकरिया-बालोदा के मध्यफ स्थित समपार संख्यार 233 का उपयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार समपार संख्या 227 से आवागमन 18 अक्टू बर, 2024 से अगले नौ महीने तक बंद रहेगा।




## विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन किया

**रतलाम।** कॉलेज रोड स्थित श्री श्रद्धा सबुरी टी स्टॉल पर सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल सिंह गहलोत मित्र मंडल द्वारा शुभ विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कर एक दुसरे को बुराई पर अच्छाई कि जीत का पर्व मनाया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद इक्का बेलूत, विनोद राठौड़, जोएफ आरीफ, विक्रम चौहान, चंदन राठौड़, हिम्मत जेथवार, अजय सिसोदिया आदि मौजूद थे।

# भगवान राम की शोभायात्रा निकालकर किया अंहकार रूपी रावण का दहन

### दशहरा मैदान पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने की शमी की पूजा

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** विजयादशमी के अवसर पर शनिवार की शाम को 7 बजे दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में तहसील रोड स्थित स्वामी विवेकानंद कॉलेज ग्राउंड पर 51 फिट ऊंचे रावण के पुतले का जोरदार आतिशबाजी व जयश्रीराम के जयघोष के साथ दहन किया गया। यहां पर चंद मिनटो में ही अंहकार रूपी रावण का पुतला जलकर खाक हो गया। इससे पूर्व हनुमान छत्री चोक से भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें रथ में सवार होकर मर्यादापुरूषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान जी के साथ शामिल रहे। शोभायात्रा शुक्रवारीया बाजार, पुराना बस स्टेंड, पांच पुलिया, सांई तिराहा, तहसील रोड







से होते हुए स्वामी विवेकानंद कॉलेज ग्रांउड पहुंची जहा पर भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान के साथ ही विधायक भैरोसिंह परिहार बापु, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह, बद्रीलाल सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया व दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष मांगीलाल सोनी व संयोजक मुकेश हरदेनिया एवं सदस्यगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियो ने शमी की पूजा की उसके बाद हनुमान बने युवक ने रावण के पेर में आग लगाकर के पुतले का दहन किया। उसके बाद से ही पूर नगर में शहरवासीयो के द्वारा एक दुसरे को पर्व की शुभकामनाएं देने का दौर शुरू हो गया। रावण दहन के दोरान एसडीओपी देवनारायण यादव, तहसीलदार विजय सेनानी, थाना प्रभारी केसर राजपूत भी पुलिस बल के साथ मोजूद रहे। रावण दहन के बाद नगरवासियो ने खेडापति हनुमान मठ मंदिर व अन्य मंदिरों में मत्था टेक कर आर्शीवाद प्राप्त किया उसके बाद बडे बुजूर्गो का चरण स्पर्श कर उनसे आर्शीवाद प्राप्त कर पर्व की शुभकामनाएं दी।





## दशहरा पर्व पर दो स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया

**रतलाम।** दशहरा पर्व पर दो स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। मुख्य आयोजन में रात 10 बजे रामजी की सवारी नेहरु स्टेडियम पहुंची। हनुमान जी आगे-आगे घोटा घूमाते हुए रावण के पुतले के पास श्री राम व लक्ष्मण का रुप धरे कलाकारों के साथ पहुंचे। रामजी ने जलती हुई मशाल रावण के पुतले के उल्टे पैर पर लगाई और रावण धू-धू कर दो मिनट में स्वाहा हो गया। रावण के पुतले को जलाने के पहले उस पर ज्वलनशील प्रदार्थ भी डाला। शहर में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस बार रावण का पुतला कुछ अलग तरह का था। आंखों से लाल रोशनी तो नाभी लाइट की रोशनी रिमोंट से झिलमीला रही थी। हजारों की संख्या में शहरवासी रावण दहन देखने को लेकर नेहरु स्टेडियम पहुंची। श्री कालिका माता सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा श्री राम रथ यात्रा तीन से चार झांकियों के साथ कालिका माता मंदिर से निकाली गई। शहर के अनेक मार्गो से होते हुए रथ यात्रा नेहरु स्टेडियम पहुंची। यहां कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर हिमांशु भट्ट ने स्वागत किया। रावण दहन के पूर्व आतिशबाजी की गई। अब्दुल शकुर बैंड द्वारा देश भक्ति तरानों का म्यूजिक से समा बांधा।

## विश्व पेलिएटिव केयर दिवस मनाया गया

**रतलाम।** जिला चिकित्सालय रतलाम में विश्व पैलिएटिव केयर दिवस एवं विश्व हॉस्पाइस दिवस सिविल सर्जन डॉक्टर एम एस सागर की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के सर्जन डॉक्टर गोपाल यादव द्वारा पेलिएटिव केयर व हॉसपाइस केयर के विषय में प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित थे। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर सह जागरूकता अभियान का भी आयोजन किया गया। डॉ. गोपाल यादव ने बताया कि पेलिएटिव केयर उन मरीजों को दी जाती है जो बीमारी के अंतिम स्टेज में होते हैं। उन्हें मुख्य उपचार के साथ-साथ लक्षण आधारित उपचार भी दिया जाता है। हॉस्पोइस केयर में मरीज का मुख्य उपचार बंद कर दिया जाता है और केवल लक्षण आधारित उपचार किया जाता है। हॉस्पोइस उन मरीजों को ही दिया जाता है, जिनकी लाइफ 6 महीने से भी कम होती है। सिविल सर्जन डॉ एम एस सागर ने बताया कि जिला चिकित्सालय रतलाम के एनसीडी वार्ड में पेलिएटिव केयर के लिए चार बेड व कैंसर कीमोथेरेपी के लिए दो बेड आरक्षित है, ऐसे मरीजों के लिए औषधीयो की भी पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। स्वास्थ्य शिविर के दौरान 32 मरीजों को उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ. एस सागर सहित डॉ बीएल तापडिया, डॉ निर्मल जैन, डॉ अभिषेक अरोरा, डॉ मुकेश डाबर, डॉ जीवन चौहान, डॉ अंकित जैन, डॉ कैलाश चारेल, डॉ ए पी सिंह, डॉ सक्षम कुमार, डॉ प्रणव मोदी सहित अन्य चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।



## अनोखे तरीके से नगर में मनाया गया दशहरा

**रतलाम।** चातुर्मास की समाप्ति के बाद दशहरे पर्व को नगर के समाज द्वारा अलग-अलग तरीके से मनाते हैं लेकिन आज इस दशहरे को ऐतिहासिक बनाते हुए राजपूत बोर्डिंग के शक्तावत परिवार, हाथी खाना राजपूत समाज के दिनेश वाघेला, अमृत सागर तालाब चारभुजा राजपूत समाज के शेखावत परिवार व सिसोदिया परिवार ने मिलकर व अन्य समाज सदस्यों के सहयोग से नगर के सभी प्रमुख वृद्धाश्रमों में जिसमें कुष्ठ रोग की परिवार का ईश प्रेम बस्ती, वृद्धाश्रम धोलावाड़ रोड, निर्मला भवन वृद्धाश्रम काटजू नगर के सभी वृध्द जनों के साथ दशहरे का पावन पर्व



उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। सभी वृद्धाश्रम के वृध्द जनों को उनकी पसंद का मीठा भोजन बनाकर खिलाया गया। जिससे सभी वृध्द जनों में प्रसन्नता का भाव दिखाई दिया। आयोजन में अपना सहयोग व सेवा देने वाले वाघेला गौ सेवा जीव दया समिति व अखिल भारतीय राजपूत समाज रतलाम के जिला अध्यक्ष दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया,गोविंद सिंह शेखावत राजपूत बोर्डिंग के महावीर सिंह शक्तावत, हर्षवर्धन शक्तावत,दिव्यराज शक्तावत,सूर्यराज शक्तावत, राजकुमार हाडा, रामबाबू यादव, अशोक तिवारी, श्याम सुंदर उपाध्याय, विनोद बैरागी, नारायण पाटीदार, सुभाष चौहान, महिला मंडल की श्रीमती श्यामा वाघेला, इंदु यादव, अनीता अग्रवाल, रेखा शर्मा, शकुंतला सिसोदिया व अन्य सदस्यों द्वारा इस कार्य में सहयोग किया गया।

## सिंधी समाज द्वारा दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजन किया गया

**रतलाम।** विजयादशमी दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में सिंधी समाज की राष्ट्रीय संस्था सिंधु सेना रतलाम द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रदेश महामंत्री हाशु कल्याणी के नेतृत्व में शस्त्रपूजन का आयोजन किया गया। न्यू रोड़ स्थित सिंधी गुरूद्वारे पर आयोजित शस्त्रपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष आर.के. सतवानी, उपाध्यक्ष मुरलीधर अवतानी, कोषाध्यक्ष कमलेश दरवानी, सहसचिव रमेश चोइथानी, सिंधी सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष भजनलाल परमानी, राजु मलखानी, जय केचदानी के आतिथ्य में पंडित श्री पंकज शर्मा द्वारा शस्त्र पूजन सम्पन्न कराया गया। शारदीय



नवरात्री पर्व पर नौ दिनों तक माँ की उपासना के बाद 10वें दिन विजय कामना के साथ शस्त्रों का पूजन किया जाता है। विजयादशमी पर शक्तिरूपा माँ दुर्गा, माँ काली की पूजा के साथ शस्त्र पूजा की परंपरा हिंदू धर्म में लंबे समय से रही है। इसी तारतम्य में आज शनिवार को शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। महामंत्री हाशु कल्याणी ने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। सभी को सकंल्प लेना चाहिए ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध, अहंकार, नशा आदि बुराईयो का त्याग करते हुए अच्छाईयों के साथ सभी के साथ भाईचारे का व्यवहार करें तथा समाज व देश की खुशहाली के लिए अपनत्व की भावना से कार्य करें। इस अवसर पर सिंधु सेना अध्यक्ष लोकेश सत्यानी, संरक्षक चद्रप्रकाश अवतानी,नरेश धनवानी एवं सिंधु सेना के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित थे। अंत में आभार लोकेश सत्यानी ने माना।

### उपभोक्ता फोरम का फैसला : उपचार पर खर्च हुए ब्याज सहित साढे चार लाख रु.अदा करे

## रेलीगेयर हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी,मानसिक त्रास के लिए 25 हजार रु. भी देने का आदेश

**रतलाम।** रेलीगेयर (केयर) हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी द्वारा बीमीत व्यक्ति को उपचार की राशि नहीं चुकाने को सेवा में कमी मानते हुए जिला उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी को साढे चार लाख रु.से अधिक की राशि परिवादी को दिए जाने का आदेश दिया है।

परिवादी को हुए मानसिक त्रास के लिए 25 हजार रु. और परिवाद व्यय के लिए दो हजार रु. भी बीमा कम्पनी को अदा करने का आदेश फोरम ने दिया है। परिवादी अलकापुरी निवासी सुधीर बेलसरे ने रेलीगेयर (केयर) हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी से पांच लाख रु.का हेल्थ इंश्योरेंस करवाया था। बीमा कराने के बाद 26 जनवरी 2020 को परिवादी को निमोनिया होने पर उसे रतलाम हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने के दौरान परिवादी ने इंश्योरेंस कम्पनी को आवेदन भेजा जिसे बीमा कम्पनी ने यह कह कर निरस्त कर दिया कि परिवादी की बीमारी पुरानी बीमारी है,इसलिए उसका क्लैम निरस्त किया जा रहा है। रतलाम हास्पिटल में परिवादी का स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने से उसे इन्दौर के चौइथराम हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहां से भी परिवादी ने क्लैम राशि की मांग की,लेकिन रेलीगेयर (केयर) हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी ने इस क्लैम को भी निरस्त कर दिया और परिवादी की प्रीमीयम राशि 91 हजार रु. जब्त कर ली गई। बीमा कम्पनी द्वारा परिवादी का क्लैम निरस्त किए जाने से व्यथित परिवादी ने अपने अधिवक्ता मनीष शर्मा के माध्यम से पहले कम्पनी को एक सूचना पत्र प्रेषित किया और फिर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम में बीमा कम्पनी के कृत्य को सेवा में कमी मानते हुए बीमा कम्पनी से क्लैम की राशि के रुप में दस लाख रु. और मानसिक त्रास के लिए 1 लाख रु. दिलाने के लिए परिवाद प्रस्तुत किया। परिवाद पर दोनो पक्षों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और साक्ष्यों को देखने तथा अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी व सदस्य जयमाला संघवी ने परिवादी के अधिवक्त मनीष शर्मा के तर्कों से सहमत होते हुए रैलीगेयर (केयर) हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी द्वारा क्लैम निरस्त किए जाने को सेवा में कमी माना।

उपभोक्ता फोरम के विद्वान अध्यक्ष ने अपने फैसले में रेलीगेयर(केयर) हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी को आदेशित किया है कि वह परिवादी को उपचार में व्यय की गई राशि 4,56,916 रु. का भुगतान परिवाद प्रस्तुति दिनांक से अदायगी दिनांक तक छ- प्रतिशत की दर से ब्याज जोडकर अदा करें। इसके अलावा परिवादी को हुए मानसिक त्रास के लिए पच्चीस हजार रु. तथा परिवाद व्यय के रुप में दो हजार रु. पृथक से अदा करें। जिलो उपभोक्ता फोरम ने उक्त राशियों का भुगतान आदेश दिनांक से 60 दिनों के भीतर करने का आदेश भी दिया है।

## समपार संख्या 234 एवं 227 से आवागमन बंद

**रतलाम।**पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के रतलाम-डॉ.अम्बेडकर नगर खंड में स्थित समपार संख्या 234 एवं 227 के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किये जाने के कारण इन दोनों समपार फाटकों को सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए बंद किया जा रहा है।

## दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजन किए गए, रावण दहन हुआ



**नाहरगढ(मंदसौर )।** नाहरगढ नगर मे आर एस एस का पंथ संचलन निकला जिसका जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। पुलिस थाना नाहरगढ मे थाना प्रभारी प्रभात गौड सहित स्टाफ सदस्य ने उपस्थित होकर थाने मे शस्त्र पूजन किया । दशहरा मैदान पर शनिवार को शाम 6~28 मिनट पर रंगारंग आतिश बाजी के साथ रावण का दहन हुआ।

## दो स्थानों पर रावण दहन किया गया



**शामगढ़( मंदसौर )।** बुराई पर अच्छाई के विजय पर विजयदशमी पर नगर में दो स्थानों पर हुआ रावण दहन सार्वजनिक दशहरा समिति द्वारा किया गया। सुवासरा रोड श्री राम मंदिर से राम लक्ष्मण हनुमान की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो कि नगर के मुख्य मार्ग से निकलकर रावण दहन स्थल शांतिकुंज पहुंची जहां पर भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। वहीं पंजाबी समाज के राम लक्ष्मण हनुमान की शोभायात्रा पंजाबी कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंदिर से बैंड बाजे के साथ प्रारंभ हुई जो की नगर के मुख्य मार्गो से निकलकर गांधीनगर टीचिंग ग्राउंड के पास रावण दहन स्थल पहुंची । जहां पर रावण सहित मेघनाथ कुंभकरण के भी पुतले बनाए गए थे। भव्य आतिशबाजी के साथ पूजन कर रावण दहन किया गया । पंजाबी समाज द्वारा वर्षों से चली आ रही परंपरा भरत मिलाप जो की आडा बाजार में रावण दहन के दूसरे दिन होती है ।जिसमेंभरत मिलाप का भी आयोजन किया गया जिसमें मान्यता है कि इस दिन मांगी गई मन्नत पूरी होने पर प्रसादी का वितरण किया जाता है

## श्री चौधरी के नेत्रदान से दो व्यक्तियों को मिलेगी रोशनी



**मन्दसौर।** समाजसेवी श्री नरेन्द्र चौधरी का असामयिक निधन हो गया। परिवारजनों की सहमति से व लायंस क्लब मंदसौर के सहयोग से स्व. चौधरी के नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की। श्री चौधरी के नेत्रों से दो व्यक्तियों को रोशनी प्राप्त होगी। नेत्र उत्सर्जन कुशल नेत्र चिकित्सक लॉयन डॉ. अशोक सोलंकी द्वारा किये गए। क्लब को इस सत्र का यह छठा नेत्रदान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लायंस क्लब सचिव लायन सिद्धार्थ पोरवाल व लायन मयूर सुराणा ने चौधरी परिवार को साधुवाद देते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। लायंस क्लब अध्यक्ष जितेन्द्र पोरवाल व प्रोजेक्ट चेयरमेन सीए विकास भण्डारी ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा नेत्रदान के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 15 से 75 साल की उम्र तक के किसी भी दिवंगत व्यक्ति के नेत्रदान कर सकते है। नेत्रदान के लिए मृत्यु के बाद किसी तरह का ऑपरेशन नहीं होता। महज 15 मिनट की प्रक्रिया में आंखों के ऊपरी सतह पर स्थित कार्निया को निकाला जाता है, जिसमें आंखों की रोशनी रहती है। एक व्यक्ति के नेत्रों के दान से दो नेत्रहीनों को नेत्र ज्योति प्राप्त होती है।

## सीतामऊ में हनुमान चालीसा के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया



**सीतामऊ (कानजी भाई)** । सीतामऊ नगर में दशहरे के पावन पर्व पर बारिश की संभावना को देखते हुए रावण को रेनकोट पहना कर नागरिकों के लिए अंतिम दर्शन हेतु खड़ा किया गया। इसके बाद रात्रि 9~00 बजे पश्चात श्री राम विद्यालय के खेल ग्राउंड पर रावण के पुतले का दहन किया गया । जिसमें सीतामऊ नगर के आराध्य देवी मोडी माता मंदिर प्रांगण से राम लक्ष्मण एवं सीता के रूप में स्कूल के बच्चों को एक जुलूस के रूप में मुख्य मार्गो से होता हुआ श्री राम स्कूल के खेल ग्राउंड पर लाया गया । जहां पंडित जी द्वारा धार्मिक विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई । इसके पश्चात सीतामऊ श्री राम विद्यालय के खेल मैदान पर सीतामऊ नगर परिषद द्वारा बड़े ही जोर-शोर से आतिशबाजी की गई ।जिसमें देखने वाली बात यह है कि सीतामऊ नगर में पहली बार रावण को देखने के लिए जो जन समुदाय मैं उत्साह देखा गया वह शायद पहले कभी नहीं देखा गया । नगर की जनता के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से कई संख्या में दर्शक उपस्थित हुए । जहां जनप्रतिनिधियों ने अपने राजनीतिक भाषणों के पश्चात श्री राम लक्ष्मण के द्वारा रावण का दहन किया गया । इसके कुछ ही समय पश्चात ही सीतामऊ नगर में मेघ वर्षा प्रारंभ हो गई जिससे जलते हुए रावण को मेघ वर्षा के रूप में शांति प्रदान हुई वही रावण दहन के पश्चात मंदसौर सीतामऊ मुख्य मार्ग पर लगभग आधे घंटे से अधिक समय के लिए रोड पूरी तरह जाम देखा गया । सब कुछ होते हुए दशहरा पर्व सीतामऊ नगर में पूर्ण शांति एवं सौहार्दपूर्ण मनाया गया जिससे सभी नगर वासी एवं आसपास की जनता में बहुत ही अपार खुशी एवं हर्ष व्याप्त दिखाई दिया ।

# भानपुरा में 51 फिट के रावण तथा 21-21 फिट के कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का आतिशबाजी के साथ दहन किया गया


**भानपुरा (लालचंद रुद्रवाल )** ।

भानपुरा में शनिवार 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व उत्साह उमंग गाजे बाजे ढोल ढमाकों एवं अखाड़ों के पहलवानों द्वारा हैरतअंगेज व मनमोहन प्रदर्शनों के साथ हजारों नगरवासियों व अनेक गांवों से शामिल अपार जनसमूह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा की अगुवाई में दशहरा उत्सव समिति , नगर परिषद भानपुरा एवं जनसहयोग से दशहरा उत्सव आयोजित किया गया शाम 4~00 बजे छतरी मार्ग स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर से भगवान राम लक्ष्मण एवं हनुमान जी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमें श्री राम द्वारा व्यायाम शाला एवं श्री कुमरावत तंबोली समाज व्यायाम शाला के पहलवानों ने अनेक तरह के प्रदर्शन किये। शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया एवं श्री राम लक्ष्मण व



हनुमान जी के स्वरूप में विराजमान पात्रों की पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा रामपुर गेट तंबोली मोहल्ला सदर बाजार से सूर्य गेट होते हुए दशहरा मैदान पहुंची जहां उपरोक्त अखाड़े के पहलवानों ने हजारों श्रद्धालु जनों की उपस्थिति में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का मन जीत लिया। श्री करवा खेड़ी आश्रम ताल व श्री इंदरगढ़ मारुति आश्रम भानपुरा के प्रमुख महंत योगी प्रकाश नाथ जी महाराज एवं नगर परिषद भानपुरा के अध्यक्ष विनोद शिवजी भानपिया द्वारा पूजा अर्चना की गई तथा भारी आतिशबाजी के बीच कुंभकरण मेघनाथ एवं रावण के पुतलों का दहन किया गया।

इस वर्ष दशहरा उत्सव समिति द्वारा दशहरा मैदान में दो बड़ी एलइडी लगाई गई थी जिसके माध्यम से भी उपस्थित हजारों दर्शकों को दशहरा मैदान में आयोजित आयोजनों को पास से देखने का अवसर मिला जिसकी सभीने प्रशंसा की साथ ही इस बार आकर्षक ढंग से निर्मित रावण के पुतले की आंखों व नाभि में विद्युत सज्जा वह आतिशबाजी फिट की



गयी थी वह भी आकर्षण का केंद्र रही। इस वर्ष राम के स्वरूप में कार्तिक राज पुत्र धनराज चौहान, लक्ष्मण के पात्र के रूप में शिवम श्रीमती नीलम लोहार एवं हनुमान जी के बेहतरीन किरदार के रुप में लक्ष्य उर्फ गोपाल अशोक भाना आकर्षक बग्गी में विराजमान थे।

सफल आयोजन पर श्री सनातन धर्म मंडल भानपुरा के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार सोनी, दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार राठौर, नगर परिषद के अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया ने समस्त नगर व क्षैत्र वासियों तथा तथा पुलिस व प्रशासन के सराहनीय योगदान पर आभार व्यक्त किया।

### विधायक भी रहे शोभायात्रा में उपस्थित...

रामपुरा गेट से गरोठ भानपुरा के विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने शोभायात्रा में शामिल होकर आयोजकों का उत्साह वर्धन किया एवं दर्शन लाभ लिए।

### पंजाबी समाज द्वारा आयोजित दशहरा पर्व भी रहा आकर्षण का केंद्र

नगर भानपुरा में निवास रत श्री क्षत्रिय पंजाबी समाज द्वारा दशहरा उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राम मंदिर पंजाबी कॉलोनी से शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें श्री राम के स्वरूप के रूप में गौरिश पिता नरेश भूटानी, लक्ष्मण के पात्र के रूप में प्रयन पिता गगन भूटानी तथा हनुमान जी के पात्र के रूप में पंडित नीरज पिता मिलाप शर्मा शोभायात्रा में आकर्षक बग्गी में विराजमान थे। सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में भारी आतिशबाजी व डांडिया नृत्य के बीच 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया।

## मंदसौर जिले में 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगा भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान

**मंदसौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में मंदसौर जिले में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण का समापन 15 अक्टूबर को होगा। 16 अक्टूबर से जिले के सभी संगठनात्मक मंडलों में सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर आवश्यक कार्यशाला सक्रिय सदस्ययता अभियान समीक्षा समिति के प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, सक्रिय सदस्यता अभियान जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, विधायक चंद्र सिंह सिसोदिया, सह प्रभारी मानसिंह माछोपूरिया की उपस्थिति में संपन्नग हुई । राज्यसभा सांसद एवं सक्रिय सदस्यता समीक्षा प्रदेश समिति के प्रभारी बंशीलाल गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में ऑनलाइन सदस्यता का दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा और 16 अक्टूबर से प्रदेश के सभी जिलों के साथ



मंदसौर जिले में सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। इस सक्रिय सदस्यता अभियान में भाजपा के वही कार्यकर्ता और पदाधिकारि सक्रिय सदस्य बन सकेंगे जिन्होंने कम से कम 100 ऑनलाइन सदस्य बनाए होंगे। आज इस कार्यशाला के माध्यम से मेरा आपसे आग्रह है यदि आपने ऑनलाइन सदस्य संख्या 100 पूर्ण नहीं की है तो अभी भी दो दिवस हम सभी के बीच है आप इसमें कम से कम 100 ऑनलाइन सदस्य बना लें। इसी प्रकार मंदसौर जिले के सभी मोर्चा जिला अध्यक्ष अपने-अपने मंडल में अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनावे। प्रदेश में सक्रिय सदस्यता बनने हेतु फिजिकल फॉरमैट दिया जा रहा है। एक या दो दिन में मंदसौर जिले को भी फिजिकल फॉर्मेट प्राप्त हो जाएगा। सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता होती है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला मंदसौर जिला प्रदेश में संगठनात्मक कार्यों में सदैव प्रथम पायदान पर रहता है। लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी को प्राप्त मतों के आधार पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी जिलों को लक्ष्य दिए गए थे और लक्ष्य पूर्ति में मंदसौर जिला और मंदसौर जिले की सभी विधानसभा शत प्रतिशत सफलता की ओर अग्रसर है।

मुझे पूर्ण उम्मीद है कि सक्रिय सदस्यता में भी मंदसौर जिले में सर्वाधिक सक्रिय सदस्य जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बनेंगे। सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित ने भी संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कार्यशाला को संबोधित करते हुवे कहां की ऑनलाइन सदस्यता के क्रम में मंदसौर जिले में तीन लाख से अधिक सदस्य बन चुके हैं अभी ऑनलाइन सदस्य बनाने का चक्र 15 अक्टूबर तक निरंतर जारी है। आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा घटावड़ा ने माना। कार्याशाला में भाजपा जिला पदावधिकारीगण राजेश सेठिया, शिवराजसिंह राणा, राजेश नामदेव, उमेश राजु चावला, , राजकुमार गुप्ता, अजय तिवारी, सुनिता पालीवाल, दिलीपसिंह तरनोद, जगदीश परमार, जितेन्द्रासिंह चौहान, रमेश धाकड, पुलकित पटवा, राजेन्द्रा भारद्वाज, अरुण शर्मा, रामसिंह चौहान, राहुल मुजावदिया, शांतिलाल मालवीय, नितेश जैन, विनय धनगर, विक्रमसिंह महुआ, निर्मला गुप्ता, अशोक सुर्यवंशी, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक मांदलिया, उमरावसिंह चौहान, चन्द्रप्रकाश पंडा, राजमल बंजारा, धीरज संघवी, विकास सुराणा, ईश्वर परमार, अरविन्द सारस्वात, , राकेश गिरोठिया आदि उपस्थित रहे। उक्तश जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नीलेश जैन ने दी।

## संभाग बनाने के लिए पोस्टकार्ड अभियान के 12वें दिन जांगड़ा पोरवाल समाज ने निभाई सहभागिता



**मंदसौर।** संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत गांधी चौराहा पर प्रतिदिन चल रहे पोस्टकार्ड अभियान में 12 वे दिन रविवार को श्री जांगड़ा पोरवाल समाज के समाज के महानुभाव और मातृशक्ति सम्मिलित हुई । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम मंदसौर को संभाग बनाने की मांग का पोस्टकार्ड लिखा और इस चौराहे से आवागमन करने वाले लोगों से भी इस अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री जांगड़ा पोरवाल समाज मंदसौर के अध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता तथा सर्व श्री मदनलाल गुप्ता, रामनिवास धनोतिया,रमेश चंद्र सेठिया, मोहनलाल गुप्ता, अनिल सेठिया, अशोक धनोतिया, दिनेश रत्नावत, ओम प्रकाश रत्नावत, रामगोपाल रत्नावत दिलीप सेठिया, ओमप्रकाश चौधरी, राजेश फरक्या ,प्रवीण गुप्ता, सुरेश मांदलिया,सुरेंद्र संघवी, गौरव रत्नावत एडवोकेट ,विनोद गुप्ता, सुरेंद्र फरक्या, जगदीश चंद्र चौधरी, कृष्ण कुमार मोदी, अनिल चौधरी, दीपक चौधरी, दिनेश फरक्या तथा पोरवाल समाज महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सेठिया ,संतोष मांदलिया, प्रमिला संघवी, पार्षद शांति फरक्या निर्मला मांदलिया, ललिता सेठिया रेखा मांदलिया आदि सम्मिलित हुए। संभाग बनाने के आंदोलन के 13 दिन अभिव्यक्ति ओपन माइक संस्था एवं चोरडिया सेवा संस्थान के प्रतिनिधि सहभागी होंगे । उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी दी।

## नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने उपकरणों की पूजा की

**मंदसौर।** दशहरा पर्व पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर की गरिमामय उपस्थिति में नपा कार्यालय भवन व रामघाट परिसर पहुंचकर नपा की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों के द्वारा आयोजित उपकरणों के पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। सर्वप्रथम श्रीमती गुर्जर ने लोकनिर्माण शाखा के कर्मचारियों के साथ उनके उपकरणों में पूजन में सहभागिता की। इसके बाद उन्होंने नवीन फिल्टर प्लांट रामघाट पहुंचकर नपा सभापति श्री निलेश जैन के साथ भी पूजन किया। श्रीमती गुर्जर ने गैरेज शाखा के पूजन में राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर के साथ सहभागिता की और यहां गैरेज के उपकरणों की पूजा व उसके बाद आरती की।

इस अवसर पर नपा सभापतिगण निर्मला नरेश चंदवानी, निलेश जैन, रमेश ग्वाला, सत्यनारायण भांभी, पार्षद सुनीता गाजवा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने भी उपकरणों की पूजा में सहभागिता की और नपा कर्मचारियों के साथ आरती का भी लाभ लिया। नपा कार्यालय परिसर में नपा के लाइनमैन व विद्युत शाखा के कर्मचारियों के द्वारा भी उपकरणों की पूजा का कार्यक्रम रखा गया।

जिसमें सभापतिगण निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी, रमेश ग्वाला, पार्षद सुनीता भावसार, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, युवा नेता राजेश गुर्जर, राकेश भावसार आदि ने भी सहभागिता की। नपा की विभिन्न शाखाओं के द्वारा पांच स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें संबंधित शाखा के कर्मचारी शामिल हुए।

## सांसद श्री गुर्जर, विधायक जैन, पूर्व विधायक सिसौदिया व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने खानपुरा रावण वध कार्यक्रम में सहभागिता की

**मंदसौर।**

राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया व नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में खानपुरा पहुंचकर रावण वध के कार्यक्रम में सहभागिता की।



श्री नामदेव वैष्णव समाज मंदसौर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्षद सुनीता भावसार, बब्बूभाई पमनानी, पूर्व पार्षद पं. अरूण शर्मा, समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल, महेश जुनवाल, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश चंदवानी, अशोक लवाणी भी मंचासीन थे।

खानपुरा में आयोजित इस रावण वध कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी संख्या में खानपुरा क्षेत्र के निवासी व नगर के गणमान्य नागरिकगण एकत्रित हुए। समाज अध्यक्ष अशोक बघेरवाल, सचिव संदीप नामदेव व समाज के अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का दुपट्टा ओड़ाकर स्वागत किया। अतिथियों ने भी नामदेव समाज अध्यक्ष अशोक बघेरवा को हनुमानजी का शस्त्र घोटा भेंट किया तथा नामदेव समाज के अखाड़े के द्वारा बताये गयी व्यायाम कला को भी देखा। व्यायाम कला के प्रदर्शन के बाद रावण प्रतिमा पर शानदार आतिशबाजी कर रावण वध की परम्परा का निर्वहन किया गया। इसके पूर्व अतिथियों का संबोधन भी हुआ।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।

विधायक श्री जैन ने कहा कि रावण विद्वान था लेकिन पर स्त्री का हरण कर उसने जो पाप किया उसी के कारण उसका विनाश हुआ। हमें ऐसे पाप से बचने की प्रेरणा दशहरा पर्व देता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री सिसौदिया, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने भी अपने विचार रखे।

## दोस्तों के साथ जन्म दिन मना कर घर पर लोट रहा था युवक ,गली में गिरे तार के करंट से मौंत

**भानपुरा (मंदसौर)।**

शनिवार दशहरा पर्व की दरमियानी रात्रि को नगर के वार्ड नंबर 14 गुर्जर मोहल्ला की गली में विद्युत तार टूट कर गिरा होने से रात्रि में जन्मदिन मना कर लौट रहे 16 वर्षीय बालक की विद्युत तार के संपर्क में आने से एवं करंट लगने से दुखद मृत्यु हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि में हल्की हवा के साथ बारिश होने के साथ ही गुर्जर मोहल्ला की गली में विद्युत पोल से विद्युत तार टूटकर गली में गिरे होने की जानकारी रात्रि के समय होने से ना तो गली वासियों को ओर नहीं विद्युत विभाग को थी। इसी दौरान रात्रि करीब 12~45 बजे 16 वर्षीय समरथ उर्फ गोनू पिता दुर्गाशंकर गुर्जर अपना जन्मदिन मना कर साथी के साथ घर लौट रहा था। ररासी गली में विद्युत तार टूटा पड़ा होने की जानकारी नहीं होने से गली में निकलने के दौरान विद्युत तार के संपर्क में आ जाने से करंट लगने से बालक की दुखद मृत्यु हो गई। करंट लगने पर साथी नीरज गुर्जर द्वारा शोर मचाने पर आसपास के निवासी निकाल कर बाहर आए एवं परिजन भी मौके पर पहुंचे। एवं विद्युत



विभाग को तार टूटे होने एवं बालक को करंट लगने की सूचना दी गई। मोहल्ला वासी एवं परिजन समरथ को शासकीय चिकित्सालय भानपुरा लेकर पहुंचे यहां चिकित्सक ने बालक को देखकर मृत घोषित कर दिया। रविवार की सुबह मृतक बालक का पीएम हुआ एवं शव परिजनों को सौंप दिया गया। गुर्जर मोहल्ले में करंट लगने से बालक की मृत्यु होने से मोहल्ले वासियों में आक्रोश व्याप्त है। मोहल्ले वासियों को कहना है कि सकरी गलियों में भी विद्युत तार पोल पर लगे हुए हैं। ऐसे में गंभीर घटनाएं घटित होने का लगातार अंदेशा निर्मित होता रहता है?। विद्युत तार की जगह विद्युत विभाग विद्युत केबल लगाये।

रविवार की सुबह विद्युत विभाग के जेई प्रवीण सिसोदिया आदि ने पहुंच कर मौके का पंचनामा बनाया एवं आसपास के लोगों से विस्तृत जानकारी ली।

विद्युत वितरण केंद्र भानपुरा के जेई प्रवीण सिसोदिया ने बताया की शनिवार की रात्रि में हवा चलने एवं बारिश होने के दौरान गुर्जर मोहल्ले की ररासी गली में विद्युत तार टूटा होगा। विद्युत पोल से तार टूट कर नीचे गिरे होने की जानकारी किसी को भी नहीं थी। इसी दौरान रात्रि करीब 1~45 बजे 16 वर्षीय समरथ गुर्जर का गली से निकलने के दौरान विद्युत तार के संपर्क में आने से करंट लगने से दुखद मृत्यु हो गई। रात्रि करीब 1~30 बजे तार टूटे होने की सूचना विभाग को मिली थी। एवं तुरंत ही विद्युत सप्लाई बंद की गई। एवं सेक्शन काटकर रात्रि करीब ढाई बजे विद्युत सप्लाई सुचारु की गई। रविवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मौका पंचनामा बनाया गया एवं आसपास के लोगों से जानकारी ली गई। पीड़ित परिवार को नियमानुसार जो भी आर्थिक सहयोग मिल सके ऐसे प्रयास किया जा रहे हैं। भानपुरा पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है



ससुराल सिमर का के अभिनेता आदेश चौधरी, जो दीया और बाती हम और लाल इश्क जैसे शो का भी हिस्सा रहे हैं, कहते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बातचीत शुरू होने का समय आ गया है और लोग इस पर और ट्रिगर पॉइंट्स पर भी ध्यान दें।विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा, ÷मेरा मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य एक बहुत ही वास्तविक मुद्दा है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह बिल्कुल भी अतिशयोक्ति नहीं है। हमारी तेज़-रफ़्तार दुनिया में, लोग बहुत अधिक तनाव और दबाव का सामना कर रहे हैं, और यह उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

## शो अनुपमा में आ रहा है जेनरेशन लीप




शो अनुपमा ने जबरदस्त सफलता हासिल की है और दर्शकों से उसका लगातार प्रशंसा और सराहना हासिल करना जारी है। यह कहने बनता है कि अनुपमा का किरदार दर्शकों के दिल जीत रहा है और उसकी मजेदार कहानी टीआरपी चार्ट पर राज कर रही है। शो अनुपमा में टाइम जंप होने जा रहा है। शो की लीड एक्ट्रेस अनुपमा का किरदार निभाने वाली रूपाली गांगुली के साथ दो नए कलाकार भी शो से जुड़ेंगे । इस तरह से शो में अलीशा परवीन आध्या की भूमिका निभाएंगी और शिवम खजूरिया आध्या के प्यार की भूमिका निभाएंगे।

## मैं श्रीदेवी को आदर्श मानती थी



अभिनेत्री डेलनाज ईरानी, जिन्हें आखिरी बार आर्चीज में देखा गया था, फैशन के बारे में अपने विचार साझा करती हैं। फैशन के बारे में डेलनाज की जागरूकता उनके बड़े भाई से शुरू हुई, जो एक डॉक्टर हैं। वह बताती हैं, ÷मुझे लगता है कि मैंने जो भी पहना, उसमें मैं हमेशा सहज रही हूँ। मेरे बड़े भाई, जो फैशन के प्रति बहुत सजग थे, की बदौलत मैंने अपने स्टाइल के बारे में और अधिक सोचना शुरू किया। अपने भाई के अलावा, डेलनाज़ हमेशा श्रीदेवी की प्रशंसक रही हैं। उनकी फैशन सेंस कमाल की थी- वह जो भी पहनती थीं, वह कमाल का होता था।

## माहिरा शर्मा मंच पर अचानक गिर गईं




मुंबई में सितारों से सजी इवेंट में, अभिनेता और होस्ट मनीष पॉल, जिन्हें स्टेज का सुल्तान कहा जाता है, ने अपने सज्जन स्वभाव का परिचय दिया जब अभिनेत्री माहिरा शर्मा मंच पर अचानक गिर गईं। माहिरा, जो एक शानदार गाउन में सजी हुई थीं, मंच पर मनीष को अवॉर्ड देने के लिए आते समय लड़खड़ा गईं।यह एक असहज पल हो सकता था, लेकिन माहिरा ने खुद को बेहद शालीनता से संभाला और जल्दी ही अपनी स्थिति को सुधार लिया। ये गिरना-वरना चलता रहता है। लेकिन जितनी ग्रेसफुल्ली तुमने उसके बाद खुद को संभाला है, यकीन मानो अगर मैं तुम्हारी जगह होता तो शायद रो पड़ता, मनीष ने कहा, उनकी आवाज़ में सच्ची प्रशंसा झलक रही थी। उनके इस हल्के-फुल्के कमेंट ने न सिर्फ माहौल को सहज बनाया बल्कि दर्शकों से जोरदार तालियाँ और उत्साहवर्धन भी मिला।

## सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी



मनीष पॉल ने सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के सेट से एक वीडियो शेयर करके अपने मजेदार बॉन्ड की झलक फैंस को दिखाई।वीडियो में दोनों को हल्की-फुल्की मस्ती करते हुए देखा जा सकता है, जबकि वरुण मनीष को मस्तीभरी मसाज दे रहे हैं। क्लिप में उनकी दोस्ताना बातचीत उनके बीच मजबूत समीकरण को दर्शाती है और यह स्पष्ट है कि उनकी दोस्ती सेट पर उनके काम में चार चांद लगा देती है।



## कॉमेडी बहुत गंभीर काम है

गीतांजलि मिश्रा, जो क्राइम पेट्रोल और सावधान इंडिया जैसे शो में गंभीर नकारात्मक भूमिकाएँ निभाने के लिए जानी जाती हैं, ने संजय और बिनैफर कोहली के शो हप्पू की उलटन पलटन में रज्जो की भूमिका निभाकर कॉमेडी में सफलतापूर्वक बदलाव किया है। जब उनसे पूछा गया कि रज्जो की भूमिका निभाने से उन पर क्या प्रभाव पड़ा, तो गीतांजलि ने स्वीकार किया कि यह उनके लिए एक बहुत ही अलग अवसर था। लोगों को हंसाना उतना आसान नहीं है, जितना लगता है। कॉमेडी आसान लग सकती है, लेकिन ऐसा नहीं है। कॉमेडी बहुत गंभीर काम है और इसे अच्छे से करने के लिए आपको खुद को बहुत आगे बढ़ाना होगा और अंदर से कड़ी मेहनत करनी होगी, ।

## बहुत याद आते हैं



दुर्गा पूजा खुशी, भक्ति और उत्सव का समय है और संगीता घोष फिलहाल शो साझा सिंदूर में सरोज के किरदार में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। अभिनेत्री संगीता घोष ने बताया, दुर्गा पूजा हमेशा से लोगों को खुशियों से भर देने वाला भव्य त्यौहार है। बंगाली महिलाएं कोलकाता की सुंदर साड़ियां पहनती हैं और सब लोग मिलकर भोग बनाने और पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। मुझे षष्ठी से लेकर दशमी तक के रोज़ के अनुष्ठान बहुत याद आते हैं, जिसमें सिंदूर खेला भी शामिल होता है, जो बिलकुल होली की तरह लगता है। मुंबई में जब हम बंगाली समुदाय के साथ त्योहार मनाते थे, तो हमेशा माँ दुर्गा की एक बड़ी मूर्ति वाला पंडाल होता है जो बहुत खूबसूरत होता है। मेरा पहला अभिनय अनुभव भी वहीं था, जब मैंने ढाई साल की उम्र में एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।




## 'मूत्र विसर्जन वर्जित है'

अपनी पहली फिल्म 'मूत्र विसर्जन वर्जित है' की घोषणा के साथ, शुक्राना मोशन पिक्चर्स एक ऐसे मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जिसे कई लोग अनदेखा करना चाहते हैं- सार्वजनिक रूप से पेशाब करना।नीरज भदानी और नरेंद्र साहू द्वारा स्थापित, शुक्राना मोशन पिक्चर्स पहले से ही फ़िल्म निर्माण के अपने साहसिक दृष्टिकोण के साथ हलचल मचा रहा है। 'मूत्र विसर्जन वर्जित है' कोई आम सामाजिक ड्रामा नहीं है - यह एक विचित्र, साहसिक और विचारोत्तेजक कहानी है जो स्वच्छता और सार्वजनिक स्थानों के सम्मान को केंद्र में रखती है।



## रविरा और ताहिर का रोमांटिक म्यूजिक वीडियो

रविरा भारद्वाज ने अपने लेटेस्ट म्यूजिक वीडियो आखिरी हद से एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। ताहिर शब्बीर के साथ इस रोमांटिक ट्रैक को इसके दिल को छू लेने वाले बोल और भावनात्मक गहराई के लिए व्यापक प्रशंसा मिली है। किशोरफिल्म प्रोडक्शंस के तहत करिश्मा किशोर और अक्षत जोशी द्वारा निर्मित इस गाने ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया है, जिसमें प्यार और दिल टूटने के बीच एक बेहतरीन संतुलन बनाया गया है।प्रतिभाशाली हैमिल तमकिन वासन द्वारा निर्देशित आखिरी हद एक विजुअल और इमोशनल ट्रीट है। रविरा ने कहा, आखिरी हद एक ऐसा गाना है जो दिल को छू जाता है। भावनाएँ कच्ची हैं, और यह कुछ ऐसा है जिससे हर कोई जुड़ सकता है जिसने कभी प्यार किया हो।

## अनुपमा और अनुज फैलाएंगे प्यार का जादू

स्टार परिवार अवॉर्ड्स 2024 का एक बड़ा हाईलाइट और खूबसूरत थीम है सचिन और साइली की शादी का जश्न। इवेंट के साथ-साथ, स्टार प्लस के कलाकारों की जबरदस्त परफॉर्मेंस भी होंगी। इनमें से सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही परफॉर्मेंस दर्शकों की पसंदीदा जोड़ी, रूपाली गांगुली (अनुपमा) और गौरव खन्ना (अनुज) की खूबसूरत परफॉर्मेंस है।स्टार परिवार अवॉर्ड्स 2024 के हाल ही में हुए प्रीव्यू में दर्शकों को कुछ खास पलों को एंजॉय करने का मौका मिला, जब रूपाली गांगुली (अनुपमा) और गौरव खन्ना (अनुज) ने स्टेज पर परफॉर्म किया। उनके परफॉर्मेंस ने फैंस को सरप्राइस कर दिया और पुरानी यादें ताज़ा कर दीं।

## प्रतिक्रिया से अभिनेता उमेश घाडगे खुश हैं!



अभिनेता उमेश घाडगे ने हाल ही में स्टार प्लस के टीवी शो एडवोकेट अंजलि अवस्थी में अपनी भूमिका के बारे में बात की और इस प्रोजेक्ट को अपने लिए खास बताया। मेड इन हेवन, स्कैम, ब्रीद और गुम है किसी के प्यार में में अपने काम के लिए मशहूर घाडगे ने बताया कि जब वह गुम है किसी के प्यार में की शूटिंग कर रहे थे, तब उनसे एडवोकेट राघव सिंह राजपूत की भूमिका के लिए संपर्क किया गया था। घाडगे ने बताया कि यह महामारी का नतीजा था। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान अपनी दाढ़ी को रंगना बंद कर दिया था, जिसके कारण उन्हें मेड इन हेवन सीजन 2 में राधिका आप्टे के पिता की भूमिका के लिए चुना गया। यह लुक अब उनका सिग्नेचर बन गया है और कास्टिंग टीमें खास तौर पर उन्हें इसी लुक वाले रोल के लिए तलाशती हैं।

## विद्या बालन मंजुलिका के रूप में लौटीं



बहुमुखी प्रतिभा की धनी और प्रतिभाशाली अभिनेत्री विद्या बालन भूल भुलैया 3 में ओजी मंजुलिका के रूप में लौटीं। हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइज़ की तीसरी फिल्म इस दिवाली सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है, इस फिल्म के साथ विद्या 17 साल बाद फ्रैंचाइज़ में लौटीं और उन्होंने ट्रेलर में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान विद्या बालन ने फ्रैंचाइज़ में अपनी वापसी के बारे में बात की और कहा, मुझे खुशी है कि मैं 17 साल बाद फ्रैंचाइज़ में लौटी हूं और पिछले कुछ सालों में इस फिल्म ने मुझे बहुत प्यार दिया है। आज मुझे एहसास हुआ है कि आने वाले 17 सालों में मुझे दर्शकों से और भी ज़्यादा प्यार मिलेगा।

## सोमी अली ने रेखा के जन्मदिन पर प्यार जताया



रेखा के जन्मदिन के अवसर पर, सोमी अली ने दिग्गज अभिनेत्री के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की, उन्हें ÷सुंदरता और शालीनता की प्रतिमूर्ति÷ कहा। रेखा, जिन्हें अक्सर उम्रहीन कहा जाता है, ने अपने शानदार करियर के विभिन्न चरणों के दौरान खुद को बदल दिया है, जिससे वे भारतीय सिनेमा में एक कालातीत व्यक्तित्व बन गई हैं।रेखा की खुद को लगातार नया रूप देने की क्षमता के बारे में पूछे जाने पर, सोमी अली ने कहा, ÷मेरे लिए पूरे ब्रह्मांड में रेखाजी से अधिक सुंदर कोई नहीं है। वह एक संपूर्ण पैकेज हैं - शालीनता, विशेषताएं, नृत्य, ऊंचाई, उनकी साड़ियाँ, उनकी विनम्रता। मेरा मतलब है, वह हर मायने में एक देवी हैं।÷सोमी ने साझा किया, ÷मुझे अगर तुम न होते के सेट पर रेखाजी से मिलने का मौका मिला। उन्हें और काकाजी (राजेश खन्ना) को %अगर तुम न होते% गाने पर पियानो बजाते देखना जादुई था।

## मानुषी ने प्रेरक अनुभव साझा किए




मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने जयपुर में एक इवेंट में भाग लिया, जिसे इंडियन रैवेन्यू सर्विस (आईआरएस) वीमेन विंग आईआरएसएलए द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान, ऐक्ट्रेस ने महिला आईआरएस अधिकारियों को संबोधित किया और महिला सशक्तिकरण और लाइफ गोल्स निर्धारित करने के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे एक महिला की सफलता में परिवार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस इवेंट में मीनाक्षी रंगा, रेणु अमिताभ, महेंद्र रंगा, राजेश ढींगरा और सीके जैन के साथ कई प्रसिद्ध हस्तियाँ मौजूद थीं।

## तमन्ना ने ओडेला 2 की शूटिंग पूरी की



तमन्ना भाटिया ने तेलुगु फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। ऐक्ट्रेस ने फिल्म में शानदार प्रदर्शन करने के लिए जोरदार ट्रेनिंग और रिहर्सल किया है, जो अरनमनई 4, वेदा और स्त्री 2 के बाद तमन्ना की चौथी थिएट्रिकल रिलीज़ है। जब से इस प्रोजेक्ट की घोषणा की गई है, तब से उनके फैंस अभिनेत्री को सिल्वर स्क्रीन पर एक और अलग भूमिका में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो तमन्ना की वर्सेटिलिटी को उजागर करता है।'ओडेला 2' 'ओडेला रेलवे स्टेशन' का सीक्वल है, जो एक सीरियल किलर की कहानी है, जो ओडेला नामक गांव में नवविवाहित महिलाओं की हत्या करता है। कहानी तब शुरू होती है, जब एक युवा ट्रेनी आईपीएस ऑफिसर को सीरियल किलर को खोजने का काम सौंपा जाता है।

राग दरबारी



## यहां बिकते हैं सपने

सोच रहा हूं कि क्या सोचूं ? अपना सोचूं, पराया सोचूं, जो सोचनीय नहीं जो उसका सोचूं या सोचनीय जो उसका सोचूं ,यह सोचूं कि वह सोचूं, नहीं सोचूं के विचारों के ऊहापोह में उनींदी हो गई आंखें और डूब गया दिवास्वप्न की दुनिया में।

इसी बीच पदचाप की ध्वनि कान में पड़ी ही थी कि चरणों में धौंक देते मंगू के स्पर्श से तन में सिरहन दौड़ गई जैसे कोई देवदूत ने झकझोर दिया हो।

मैं अपना सपना सुनाने आया हूं परंतु आप खुद ही सपने में डूबे हुए लग रहे हैं,वह भी दिन में सुबह-सुबह।

जल्दी बोल क्या है ऐसा सपना जिससे तेरा पेट फूले जा रहा है?÷

नित? नवीन? व्यवसाय में दक्ष मेरा मित्र भीकू भाई? सपने में आकर बोला, यार तेरी दूरदर्शी दृष्टि के मान? से बिन पूंजी का धंधा बताता हूं जिसमें दिन दूने रात चौगुने होने का सुनहरा अवसर है। अभी तक इस धंधे के जानकार ही पैदा नहीं हुए।

बताएगा भी कि पहेली बुझाता रहेगा, बैचेनी हो रही है सुनने और जानने की।

उसने कहा मंगू भाई! तुम्हें सपने बहुत आते हैं वो भी उच्च कोटि के जिसका लाभ व्यवसाय के रूप में आसानी से ले सकोगे। इसलिए सपने बेचने की एजेंसी खोल लो । अपनी बैठक के बाहर बड़ा बोर्ड लगा दो, यहां सपने बेचे जाते हैं।

क्या सपने खरीदने और बदलने का काम भी किया जा सकता है?÷

क्यों नहीं? हर वैरायटी के ग्राहकों का परामर्श केन्द्र चलाता हूं, ग्राहक भेजने की जिम्मेदारी मेरी।

गुरुदेव सिर पर हाथ रख दो तो मैं सपनों का सौदागर बन जाऊं!÷

याचक अर्थात क्रेता के नाना विधि सपनों का केटलॉग बनाओ

उसके बाद सभी चैनलों पर विज्ञापन फ्री सपने देखने के बदले प्रकाशन करवाओ, इसके लिए नारी शक्ति से अनुबंध करना पड़ेगा जो खरीदे सपनों की उपयोगिता व सार्थकता चैनल पटल पर सिद्ध कर सकें,फर्म के उद्घाटन पर भव्य आयोजन की रूपरेखा अपने अनुभवी मित्र भीकू को? लेकर? बना लें ।

चुनाव जीत मंत्री बन घूमें, बड़े सूरमा जूती चूमें उद्घाटन पर मंगू का सपना कुबेर का खजाना ही लेकर आया कि धनाढ्यों की लाइन लग गई इस सपने के आक्शन पर। दिन दूने रात चौगुने का सपना तो इतना फैमस हुआ कि ब्लैक मेलर्स का धंधा भी चमकने लगा चांद सितारों को भांति।

सरपंच धन्वंतरि मंगू सिंह पटेल को लेकर मंगू की चमचमाती गाड़ी, मिठाई के टोकरे लिए नौकर चाकरों के साथ, बैठक पर आकर रुकते ही धौंक दी और सरपंच धन्वंतरि काकी के पास अंदर चली गई।

आगामी सपने के बारे में चर्चा चल ही रही थी कि आयकर अफसरों की टीम पीछा करते हुए आ धमकी। मामला सेट करने में माहिर मंगू सिंह ने सेटल करने में देर भी नहीं की।

गुरुदेव आगे आशीष सपना सजाने का।

बीरबल और अकबर के मशहूर क़िस्से में से एक सुनने को आतुर मंगू आसन लगाकर अजगर की तरह बैठ कर सुनने लगा।

जहांपनाह आपके राज्य में बड़ी ढीलम पोल है

कैसी ढीलमपोल ? यदि है तो घुसजा उसमें तूं भी

बीरबल ने हफ्ता भर की छुट्टी लेकर समुद्र के बंदरगाह किनारे लम्बे बांस में लाल पताका बांध कर बैठ गया। कोई व्यापारिक जहाज उस पताका को देख दूर ही रुक जाता।जहाज का केप्टन रोकने का कारण पूछता, उत्तर, अभी राजा के आदेश से लहरें गिन रहा हूं जो तुम्हारे जहाज के आने से टूट जाएगीं। भारी नुक्सान की आशंका से सेटलमेंट। इस सिलसिले की खुफिया खबर बादशाह को लगी तो बीरबल की छुट्टी निरस्त कर तत्काल तलब किया गया। पूरा वृतांत सुनने पर दोनों ठहाके लगाने लगे, ऊपर से बादशाह ने बीरबल का ओहदा बढ़ा दिया।

सुनकर मंगू पत्नी के साथ मास्टरजी का आशीष ले गाड़ी में बैठ फर्राटे भरते हुए नित नए सपने नीलामी में सपने का सौदागर की भूमिका निर्वाह करते हुए सपने बेचने की इंटरनेशनल कॉलेजों का संचालन करने लगा है जिसकी गवर्निंग बॉडी की हेड अंगूठा छाप धन्वंतरि सेठानी के रूप में प्रशासक है।

सब मिलकर गुनगुनाइए - वाह? रे खुदा तेरा भी कमाल है, कैसा फैलाया सपनों का जाल है।

बच्चू लाल परमानंद दीक्षित
ग्वालियर

# सदस्यता अभियान में गड़बड़ाया भाजपा का गणित

## आधे से अधिक हारी सीटों पर लक्ष्य अधूरा

इंदौर। मप्र में भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत मिशन 2028 को लक्ष्य बनाकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को टारगेट दिया है। इसके तहत भाजपा सदस्यता अभियान में हारी हुई सीटों पर सदस्यता बढ़ाने के साथ इन सीटों पर अपनी जमीन मजबूत कर रही है। कार्यकर्ताओं को टास्क दिया गया है कि खास तौर पर हारी हुई सीटों पर सदस्यों की संख्या बढ़ाएं। लेकिन हारी हुई सीटों में से आधी से अधिक पर पार्टी आधे सदस्य भी नहीं बना पाई है।



गौरतलब है कि भाजपा के सदस्यता अभियान का दूसरा चरण 15 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। कई विधानसभा सीटों में भाजपा का अभियान पिछड़ता हुआ नजर आ रहा है। पहले चरण में सामने आए आंकड़ों के अनुसार भाजपा हारी हुई 38 विधानसभा सीटों में अभियान के लक्ष्य को 50 प्रतिशत भी पूरा नहीं कर पाई है।

जिन हार विधानसभा सीटों पर सदस्यता अभियान में भाजपा पिछड़ी है उनमें केवलारी, कसरावद, सेंधवा, मनावर, झाबुआ, कुक्षी, टिमरनी, तराना, भगवानपुर, गोहद, भांडेर, वारासिवनी, परसवाड़ा, राजपुर, लखनादौन, सुसनेर, गंधवानी, बैहर, थांदला, सैलाना, पुष्पराजगढ़, बालाघाट, बिछिया, पोहरी, अंबाह, पांढुर्णा, हरदा, बड़ामलहरा, अटेर, बड़वानी, खरगापुर, चुरहट, ग्वालियर ग्रामीण, भीकनगांव, महिदपुर, जोबट, डबरा व सरदारपुर शामिल हैं।

अभी तक सवा करोड़ सदस्य बनाए

भाजपा ने 3 सितंबर से अपने संगठन पर्व की शुरूआत कर पहले सवा करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था। एक अक्टूबर से अभियान का दूसरा चरण शुरू कर ये लक्ष्य बढ़ाकर दो करोड़ कर दिया है। इस टारगेट को पूरा करने के लिए सांसद, विधायकों प्रदेश भर के जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग टारगेट सेट किया है।

गौरतलब है कि सदस्यता अभियान का पहला चरण पूरा होने के बाद प्रदेश भाजपा मुख्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सीएम डॉ. मोहन यादव ने कार्यकर्ताओं से शस्त्र पूजन तक 1.50 करोड़ के लक्ष्य पूरा करने को कहा था। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक अभी करीब पार्टी 25 लाख सदस्यों से दूर है। वहीं इसमें उन पदाधिकारियों के सामने चुनौती बढ़ गई है जो मंत्री, विधायक और सांसदों के लिए सदस्य बनाने में इतना समर्पित रहे कि खुद के लिए 100 सदस्य भी नहीं बना पाए। इस संदर्भ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का कहना है कि पार्टी का लक्ष्य अपने निर्धारित समय में पूरा होगा। अभी सदस्यता अभियान को पांच दिन बचा हुआ है। पार्टी ने अभियान को लेकर माइक्रो स्तर की प्लानिंग कर रखी है। प्रदेश में अब तक 1.25 करोड़ सदस्य बनाए जा चुके हैं।

### सिंधिया के आगे सब फेल

महज चार साल पहले कांग्रेस छोडकर भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी नई पार्टी के 40 साल पुराने दिग्गजों पर भारी साबित हुए हैं। भाजपा के नए-पुराने सांसद अभी तक सिंधिया के आधे भी नहीं पहुंच सके हैं। इक्का- दुक्का को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश सांसद पार्टी द्वारा दिए गए टारगेट को भी अब तक पूरा नहीं कर पाए हैं। पार्टी के दिग्गज अब हथकंडे अपना रहे हैं तो संगठन भी अब पार्टी से ज्यादा सांसद-विधायक का टारगेट पूरा करने में जुट गया है। मंत्री और विधायकों की रिपोर्ट तो इस मामले में और भी खराब है। राज्यसभा या लोकसभा के प्रत्येक सांसद को 25 हजार सदस्य बनाना है। मगर 15 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान को केवल गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ही अब तक पूरा कर सके हैं। सिंधिया की स्पीड इतनी ज्यादा है कि कोई दूसरे सांसद उनके आसपास भी नहीं हैं। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री सिंधिया के रेफरल से अब तक 40 हजार से ज्यादा सदस्य बन चुके हैं। यह आंकड़ा रोजाना बढ़ रहा है। दूसरे नंबर पर नर्मदापुरम से पहली बार के सांसद दर्शनसिंह चौधरी का है। शिक्षाकर्मी से सांसद बने चौधरी ने अभियान के पहले चरण में ही 25 हजार का टारगेट पूरा कर लिया था और उसके बाद अब अपना खाता ही बंद कर दिया है। चौधरी का कहना है कि वे अब दूसरों के लिए सदस्य बना रहे हैं। इसी सूची में तीसरा नाम सतना सांसद गणेश सिंह का नाम है। तीन बार के सांसद सिंह भी पार्टी के टारगेट के करीब पहुंच गए हैं।

वे अब तक करीब 24 हजार सदस्य अपने रेफरल से बना चुके हैं। प्रदेशाध्यक्ष व खजुराहो सांसद भी टॉप फाइव में बने रहने की कोशिश में जुटे हैं। अभी तक उनके रेफरल से 22 हजार से ज्यादा सदस्य बन चुके हैं। सबकी कोशिश है कि अगले चार दिन में वे बाकी तीन हजार सदस्य बनाकर टारगेट पूरा कर लें। हालांकि टॉप टेन की लिस्ट से उनकी लोकसभा और पन्ना जिला काफी पीछे छूट गया है। शुरूआती दस दिन में पन्ना टॉप टेन में आ गया था। पन्ना जिले के तीनों विधायकों ने सदस्यता में गंभीरता नहीं दिखाई, इससे जिले का प्रदर्शन पिछड़ गया।

### टारगेट से दूर माननीय

सदस्यता अभियान में प्रदेश के 29 सांसदों को 25 हजार, विधायक और मंत्रियों को 15 हजार, महापौर 15 हजार और नगर पालिका अध्यक्ष को 5 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। लेकिन कई सांसद और विधायक टारगेट से दूर हैं। अधिकांश अपने टारगेट के आसपास भी नहीं आ सके हैं। विधायकों को 15 हजार सदस्य बनाना है। मगर अब तक अधिकांश विधायकों की पर्सनल रिपोर्ट काफी कमजोर बनी हुई है। पूर्व मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों की बात की जाए तो विधायक गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, अजय विश्नोई जैसे बड़े नाम भी अपने टारगेट से दूर हैं तो राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, आदिमजाति कल्याण मंत्री विजय शाह जैसे दिग्गज पर्सनल रेफरल से सौ का आंकड़ा ही बमुश्किल पार कर सके हैं।

संभागवार रिकॉर्ड में इंदौर सबसे आगे चल रहा है तो भोपाल-नर्मदापुरम दूसरे और ग्वालियर नंबर तीन पर है। भोपाल के लिए नर्मदापुरम का सहारा काम आया है। वरना यहां के सांसद- विधायकों की पर्सनल रिपोर्ट काफी कम है। इसके उलट कांग्रेस के कब्जे वाली मध्य विधानसभा सीट पर भाजपा की सदस्यता अच्छी हो रही है। सांसद विधायकों के साथ ही संगठन के नेताओं ने अपना रिपोर्ट कार्ड सुधारने के लिए अब नया तरीका अपनाया है।

विभिन्न मोर्चा और प्रकोष्ठ के प्रदेश व जिलों के नेताओं को संगठन पदाधिकारियों ने अपने रेफरल कोड से सदस्य बनाने के काम में लगा रखा है। कोई मोर्चा-प्रकोष्ठ यदि एक हजार की मेंबरशिप कर रहा है तो उसमें 25 से 50 फीसदी सदस्य संगठन के बड़े नेताओं के रेफरल से बनवाना पड़ रहे हैं।

# तारीख पर तारीख... निर्मला सप्रे कब छोड़ेंगी विधायकी... ?

## अगले सप्ताह विधानसभा अध्यक्ष ले सकते हैं अंतिम निर्णय

इंदौर। प्रदेश में एक तरफ बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं, वहीं दूसरी तरफ सागर जिले की बीना विधानसभा सीट का मामला अधर में लटका हुआ है। कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने भाजपा की सदस्यता तो ले ली है, लेकिन अभी विधायकी नहीं छोड़ी है। विधायकी से इस्तीफा देने के लिए वे तारीख पर तारीख दे रही हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं ले पा रही हैं।

हालांकि सूत्रों का कहना है कि निर्मला सप्रे की विधायकी रहेगी या नहीं, इस पर निर्णय अगले सप्ताह हो जाएगा। उन्होंने विधानसभा सचिवालय के दलीय स्थिति को स्पष्ट करने संबंध नोटिस का उत्तर बंद लिफाफे में भेज दिया है। इसे सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के समक्ष अंतिम निर्णय के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के समय निर्मला सप्रे ने मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव की उपस्थिति में भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। उन्होंने सागर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी चंद्र भूषण सिंह बुंदेला के विरुद्ध काम किया।



पार्टी विरोधी इस गतिविधि को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सप्रे के विरुद्ध दलबदल कानून के अंतर्गत विधानसभा की सदस्यता कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया है।

### 15 दिन में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश

इस पर सचिवालय ने नोटिस देकर 15 दिन में स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा था पर उन्होंने कोई उत्तर नहीं देते हुए 15 दिन का समय और मांग लिया। अध्यक्ष ने दस दिन का समय दिया। इस अवधि में भी उन्होंने उत्तर न देते हुए 15 दिन और मांगे, जिस पर उन्हें सात दिन का समय दिया गया। दस अक्टूबर को उन्होंने बंद लिफाफे में उत्तर भेज दिया। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह का कहना है कि विधायक ने नोटिस का उत्तर भेजा है, जिसे कार्यालयीन दिवस में विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस मामले में अंतिम निर्णय वही लेंगे। उधर, सूत्रों का कहना है कि निर्मला सप्रे के अब कांग्रेस में बने रहने की संभावना नहीं के बराबर है।

### त्यागपत्र देने के लिए निर्देश

भाजपा संगठन की ओर से भी उन्हें त्यागपत्र देने के लिए कहा जा चुका है ताकि बुधनी, विजयपुर के साथ बीना विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव भी साथ में हो जाए। कांग्रेस के दो विधायक दे चुके हैं त्यागपत्र- 16वीं विधानसभा में कांग्रेस के दो विधायक त्यागपत्र दे चुके हैं।

लोकसभा चुनाव के समय छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट से विधायक कमलेश शाह ने त्यागपत्र देकर भाजपा की सदस्यता ली थी। वे उपचुनाव में विजयी हुए। लोकसभा चुनाव के बाद विजयपुर सीट से कांग्रेस के छह बार के विधायक रामनिवास रावत ने त्यागपत्र दिया। वे मोहन सरकार में वन मंत्री बनाए गए। वे उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी होंगे। निर्मला सप्रे भी सदस्यता छोड़ती हैं तो वे ऐसा करने वाली कांग्रेस की तीसरी विधायक होंगी।

# अवैध कॉलोनियों पर मोहन सरकार सुस्त, भू-माफिया मस्त

**5000 से ज्यादा शिकायतें, सिर्फ 12 प्रतिशत में ही एफआईआर**

इंदौर। मध्य प्रदेश में अवैध कॉलोनियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे शहरी विकास और पर्यावरण दोनों को गंभीर नुकसान हो रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में 8,000 से अधिक अवैध कॉलोनियां हैं, जिनमें से 3,200 से ज्यादा सिर्फ 16 नगर निगमों के अंतर्गत आती हैं। इस अलार्मिंग स्थिति के बावजूद, अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की गति बेहद धीमी है। पुलिस को 5,000 से अधिक शिकायतें मिलीं, लेकिन इनमें से केवल 605 मामलों में ही एफआईआर दर्ज हो पाई, जो कुल शिकायतों का सिर्फ 12ब है। इससे अवैध कॉलोनाइजरों के हौंसले और बढ़ते नजर आ रहे हैं।

### सरकारी निर्देशों की अनदेखी

पिछले वर्ष विधानसभा में अवैध कॉलोनियों का मुद्दा प्रमुखता से उठा था, जिसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। हालांकि, जमीनी स्तर पर इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। प्रशासनिक उदासीनता और स्थानीय निकायों के ढुलमुल रवैये के चलते अवैध कॉलोनाइजरों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

### वन भूमि और नाले पर बनी कॉलोनियां

अवैध कॉलोनियों की समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब यह देखा जाता है कि लगभग एक हजार कॉलोनियां वन भूमि, नाले, और तालाबों के कैचमेंट क्षेत्र में स्थित हैं। इन इलाकों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है, जिससे शहरी योजनाओं पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। ऐसी बेतरतीब कॉलोनियों से शहर का पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ रहा है, और इनका निर्माण शहरी ढांचे को अव्यवस्थित कर रहा है।

# नरेला क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटन स्थल के रूप में किया जायेगा विकसित- मंत्री श्री सारंग

### मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग नरेला विधानसभा स्थित राजा खुशवक्तराय सक्सेना के समाधि स्थल व बावड़ी के स्वच्छता अभियान में हुए शामिल



**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग रविवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत नवीन नगर ऐशबाग स्थित भोपाल रियासत के प्रधानमंत्री रहे राजा खुशवक्तराय सक्सेना के समाधि स्थल व ऐतिहासिक बावड़ी के स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने बावड़ी के आसपास स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया साथ ही स्मारक का अवलोकन भी किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा अंतर्गत ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण व जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। वहीं अब इसे और वृहद रूप दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि नरेला क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक स्मारकों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु विस्तृत प्लान तैयार किया जायेगा।



### मंत्री श्री सारंग की पहल पर हुआ था जीर्णोद्धार का कार्य

मंत्री श्री सारंग की पहल पर नवीन नगर स्थित समाधि स्थल और बावड़ी के जीर्णोद्धार का काम नगर निगम एवं पुरातत्व विभाग द्वारा शुरू किया गया था। यहां पहले वृक्षारोपण का कार्य किया और फिर पुरातत्व विभाग की टीम के साथ संरक्षण की पहल की। वहीं अब इस स्मारक को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिये प्लान तैयार किया जायेगा।

### राजा खुशवक्त राय सक्सेना का समाधी स्थल हिंदू स्मारक के रूप में दर्ज

राजा खुशवक्त राय सक्सेना करीब 200 साल पूर्व भोपाल रियासत के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने करीब 57 साल तक इस पद पर कार्य संभाला। भोपाल रियासत में ऐतिहासिक इमारतें ताजमहल और मोती मस्जिद का निर्माण भी उन्हीं के कार्यकाल में शुरू हुआ था। उल्लेखनीय है कि नवीन नगर में उनका समाधि स्थल और उसके सामने स्थित बावड़ी भोपाल गजट में एकमात्र हिंदू स्मारक के रूप में दर्ज हैं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com